

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शनिवार 01 नवंबर 2025 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-11 ■ वर्ष -41 ■ अंक-212 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 02 नवंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112





## छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एवं रजत महोत्सव

माननीय प्रधानमंत्री

## श्री नरेन्द्र मोदी जी

के कर-कमलों से

लगभग ₹14,300 करोड़

01 नवंबर 2025

राज्योत्सव स्थल
नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़

की सड़क, ऊर्जा, उद्योग, आवास, ग्रामीण और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी विकास परियोजनाओं का

**शिलान्यास / उद्घाटन / लोकार्पण / राष्ट्र को समर्पण और शुभ गृहप्रवेश**

शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय
₹52 करोड़



## लोकार्पण



छत्तीसगढ़ के नवीन विधानसभा भवन
₹325 करोड़

### गृह प्रवेश एवं किस्त जारी ₹1,200 करोड़

- PMAY-G के तहत बने 3.51 लाख आवासों का गृह प्रवेश एवं खुशियों की चाबी का वितरण
- 3 लाख लाभार्थियों को सहायता राशि की किस्त जारी

### शिलान्यास ₹7,459 करोड़

- जांजगीर-चांपा और राजनांदगांव में नया स्मार्ट औद्योगिक क्षेत्र
- नवा रायपुर में फार्मास्युटिकल पार्क
- बिलासपुर के ग्राम कोनी और उसलापुर में कार्यरत महिला छात्रावास
- मनेंद्रगढ़, कबीरधाम, जांजगीर-चांपा और गीदम(दंतेवाड़ा) में शासकीय मेडिकल कॉलेज भवन
- बिलासपुर में शासकीय आयुर्वेद कॉलेज एवं चिकित्सालय भवन
- 3 राष्ट्रीय राजमार्ग-130D और पत्थलगांव-कुनकुरी- छत्तीसगढ़/झारखंड सीमा तक चार लेन ग्रीनफील्डराजमार्ग के निर्माण एवं उन्नयन कार्य
- कांकेर में 220 के.वी और बलौदाबाज़ार-भाटापारा में 132 के.वी के विद्युत उपकेंद्र
- आरडीएसएस योजना के तहत विद्युत आधारभूत संरचना का विकास कार्य

### उद्घाटन ₹3,250 करोड़

- मुंगेली में 400, राजिम (गरियाबंद) और पाटन (दुर्ग) में 220, रायपुर, बेमेतरा, बिलासपुर और कोरिया में 132 के.वी. ईएचवी के कुल 7 उपकेंद्र
- बस्तर और सुकमा में 33 के.वी. उपकेंद्र
- 9 जिलों के 12 ब्लॉकों में स्टार्ट-अप ग्राम उद्यमिता कार्यक्रम
- छत्तीसगढ़ और ओडिशा खंड (489 किमी) नागपुर-झारसुगुड़ा पाइपलाइन - (GAIL)
- नया पेट्रोलियम ऑयल डिपो (HPCL)
- अंतर-क्षेत्रीय ईआर-डब्ल्यूआर इंटरकनेक्शन ट्रांसमिशन परियोजना (पावरग्रिड)

### राष्ट्र को समर्पण ₹1,979 करोड़

- विभिन्न जिलों में नई 11 के.वी. और एल.टी. लाइन, ओवरलोडेड 11 के.वी. फीडर और ट्रांसफार्मर
- कंडक्टर को AB केबल में परिवर्तित करने के कार्य
- राष्ट्रीय राजमार्ग-130C मदांगमुड़ा-देवभोग-ओडिशा सीमा तक 2-लेन पेव्ड शोल्डर सड़क निर्माण कार्य

DD NEWS
कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज़ पर देखें

हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

संवाद आर.ओ.45735/85

## एक नजर

### मादक पदार्थ गांजा रखने का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 1 नवंबर।** भिलाई जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र के अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखने वाले आरोपी को जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के पास से 1.6 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया है आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उसे जेल दाखिला किया गया है जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी खगेंद्र पठारे ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति सफेद रंग के थैला में अवैध रूप से गांजा रखा है जिसे बिक्री करने के लिये आईआईटी रोड जेवरा के पास वह खड़ा है उक्त सूचना पर तत्काल पुलिस टीम आईआईटी रोड जेवरा पहुंच कर संदेही को घेरी बंदी कर पकड़ा आरोपी संतोष बारले ( 53 साल ) निवासी तीन दर्शन मंदिर के पास दुर्ग की सफेद रंग के थैला की तलाशी लेने पर थैला के अंदर एक प्लास्टिक झिल्ली में 1.600 कि.ग्रा. अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।

### युवती से छेड़छाड़,आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 1 नवंबर।** भिलाई पीड़िता के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को भिलाई नगर थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है भिलाई नगर टीआई जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी लोकेश जायसवाल जो सेक्टर -4 चौक के पास कुल्फी दुकान लगाता है उसके द्वारा लगातार अपने घर के पास नेहरू पार्क रोड हुडको में खड़ी थी तभी आरोपी पीड़िता का पीछा करते हुए आया और बेइज्जत करने की नीयत से हाथ पकड़ कर छेड़छाड़ किया इसके बाद आरोपी वहां से भाग निकला था पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### चेकिंग अभियान के दौरान दो युवक चाकू के साथ पकड़ाए



**भिलाई, 1 नवंबर।**भिलाई अड्डेबाजी वाले इलाकों में देर रात चेकिंग अभियान चलाया इस दौरान दो युवकों को अलग-अलग स्थानों से पकड़ा गया जिनके पास से चाकू बरामद किए गए है पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है इसके बाद दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों को चंडी मंदिर चौक में घुमाया और मंदिर में सार्वजनिक रूप से माफी मंगवाई दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अराजक तत्वों में कानून का डर बैठाने के उद्देश्य से की गई है ।

### मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन में छग बना पलायन का गढ़ः विनोद

**महासमुंद, 1 नवंबर।** पूरे प्रदेश सहित महासमुंद जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन की गंभीर समस्या को लेकर पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी व विष्णु के सुशासन में छत्तीसगढ़ अब पलायन गढ़ बन कर रह गई है। उन्होंने कहा कि कोयला व लौह अयस्क जैसे खनिजों से भरपूर होने के बावजूद छत्तीसगढ़ की जनता को पलायन करने मजबूर होना पड़ रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण मनरेगा योजना व कांग्रेस शासन काल में बनी जनकल्याणकारी योजनाओं को दुर्भावना पूर्वक बंद करना भी है।

श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश के 70 प्रतिशत से अधिक गांव में मनरेगा का काम बंद है। मोदी सरकार के 11 सालों में मनरेगा को पर्याप्त बजट नहीं दिया जा रहा है। हर साल मनरेगा के बजट में 30 से 35 प्रतिशत की कटौती की जा रही है। मनरेगा की मजदूरी में न्यूनतम वृद्धि की गई है। कुल मिलाकर सरकार नहीं चाहती कि प्रदेश में मनरेगा योजना चले। इसलिए पूर्व नियोजित रणनीति के तहत इस योजना को धीरे-धीरे खत्म किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है और वो पलायन करने को मजबूर है।पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि यूपीए सरकार ने मनरेगा के रूप में रोजगार को कानूनी गारंटी दी थी। लेकिन केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा की साय सरकार मनरेगा को बंद करने की साजिश कर रही है। प्रदेश के 70 प्रतिशत से अधिक गांव में मनरेगा के काम बंद है। प्रदेश का गरीब आदमी को भाजपा रोजगार देना नहीं चाहती है। ग्रामीण मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट है, लोग पलायन के लिए मजबूर है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान छत्तीसगढ़ में लगभग 18 करोड़ कार्य दिवस हर साल सृजित किए जाते थे, भाजपा की सरकार आने के बाद से इस महत्वपूर्ण योजना पर ग्रहण लग गया है। यूपीए की मनमोहन सरकार के दौरान ग्रामीण परिवारों के वयस्क सदस्यों को हर साल 100 दिन का गारंटेड रोजगार प्रदान किया जाता था, इसमें सड़क निर्माण, तालाब और कुएं की खुदाई जल संरक्षण और सूखा राहत जैसे सार्वजनिक कार्य शामिल किए जाते थे।

# अतिक्रमण पर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई



**भिलाई, 1 नवंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई। निगम के जोन-2 वैशालीनगर के राजस्व अमले ने हाउसिंग बोर्ड कुरूद क्षेत्र में नाली पर निर्मित अवैध बाउंड्री वॉल को हटाया, वहीं शांतिनगर सड़क क्रमांक 2 में न्यायालय के आदेश पर जर्जर भवन को ढहाया गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में, कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त शिकायतों के आधार पर जांच उपरांत पाया गया कि के स्वामी रवि टेककर तथा एक अन्य के ने अपने आबंटित भूखंड की सीमा से अधिक भूमि पर नाली के ऊपर बाउंड्री वॉल का निर्माण कर रखा था। निगम अमले ने जामुल पुलिस बल की उपस्थिति में जेसीबी मशीन के माध्यम से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। इसी प्रकार शांतिनगर सड़क क्रमांक 2 में राजपाल सिंह एवं सुमन वानखेड़े के बीच भूमि विवाद से संबंधित भवन निर्माण पर न्यायालय के आदेशानुसार बेदखली की कार्रवाई की गई।कार्रवाई के दौरान भवन अनुज्ञा उप अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा, चंदन निर्मलकर, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, तोड़फोड़ नोडल अधिकारी विनय शर्मा, सहायक नोडल हरिओम गुप्ता, वार्ड प्रभारी हरि ताम्रकार, प्रतीक तिवारी, मदनमोहन तिवारी, कार्तिक राम, समीर अहमद, मंगल जांगड़े, खेमू, तथा जामुल पुलिस बल मौजूद रहे।

# बिजली दरों में बढ़ोतरी के विरोध में युवा कांग्रेस का पुतला दहन,प्रदर्शन

**भिलाई, 1 नवंबर ।** जेवरा सिरसा थाना चौकी क्षेत्र अंतर्गत जेवरा सिरसा चौक में शुक्रवार को बढ़ती हुई बिजली दरों के विरोध में युवा कांग्रेस अध्यक्ष खिलेश्वर यादव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री एवं भाजपा सरकार का प्रतीकात्मक पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली बिलों में लगातार हो रही वृद्धि को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव प्रभारी अहिवारा सतीश सिंह ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अमन सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष जेवरा सिरसा विट्ठल यादव, सहित 20 से 25 कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन करने का प्रयास किया, जिसे मौके पर मौजूद पुलिस बल ने पानी डालकर विफल कर दिया तथा पुतले को अपने कब्जे में लेकर जब्त कर लिया। कार्यक्रम दोपहर 3:00 बजे प्रारंभ होकर 3:30 बजे तक शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।



## राष्ट्रीय एकता दिवस पर महापौर अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल ने दिलाई एकता की शपथ

**दुर्ग, 1 नवंबर।** नगर पालिक निगम दुर्ग परिसर में आज राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर नगर निगम की महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई।महापौर अलका बाघमार ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य यदि किसी ने किया, तो वह थे सरदार वल्लभभाई पटेल।उनकी दूरदर्शिता, अदम्य साहस और राष्ट्रनिष्ठा ने भारत को सैकड़ों रियासतों से एक अखंड राष्ट्र बनाया। आज का दिन हमें उस ऐतिहासिक योगदान को याद करने और देश की एकता के प्रति अपने कर्तव्य को पुनः स्मरण कराने का अवसर देता है।आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने अपने कर्मों से यह सिद्ध किया कि एकता ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने निगम परिवार से आह्वान किया कि वे भी उसी भावना के साथ कार्य करते हुए समाज में एकता, समरसता और सद्भाव को मजबूत करने का कार्य करें।उनके जीवन से हमें देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और दृढ़ संकल्प की सीख मिलती है।शपथ में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों ने एक स्वर में प्रतिज्ञा दोहराई हम भारत की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे।

## सुरडुंग हाईस्कूल में वाचनालय निर्माण का भूमिपूजन

**जामुल,1 नवंबर।** नगर पालिका जामुल क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार लगातार बढ़ती जा रही है। इसी क्रम में समग्र शिक्षा विकास योजना के अंतर्गत 9 लाख रु की लागत से सुरडुंग हाई स्कूल में वाचनालय निर्माण के लिए भूमि पूजन का आयोजन किया गया। भूमि पूजन का कार्य नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के अवसर पर अध्यक्ष ठाकुर ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में किसी न किसी रूप में विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में हाई स्कूल सुरडुंग में वाचनालय निर्माण से विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि जनता के मार्गदर्शन और सुझावों के अनुरूप नगर में विकास कार्यों की यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार, पार्षद अहिल्या वर्मा, शांति टंडन, विशेश्वर वर्मा, तुलाराम टंडन, आत्माराम वर्मा, भूपेन्द्र सिंह, अनिल चौधरी, उप अभियंता सचिन भागवत, तथा विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



## निगम प्रशासन ने सेवानिवृत्त तीन कर्मचारियों को दी विदाई

**भिलाई, 1 नवंबर ।** नगर निगम भिलाई द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले तीन कर्मचारियों को विदाई दी गई। 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर इन कर्मचारियों को निगम प्रशासन की ओर से शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह में निगम प्रशासन ने कर्मचारियों के सेवाकाल के दौरान दिए गए योगदान की सराहना की और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भी निगम में अपने कार्य अनुभव और सेवा काल की यादें साझा करते हुए सभी से सामंजस्य और टीम भावना के साथ कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने गुप्तानंद तिवारी (पंप सहायक), विक्रम सिंह (मजदूर) एवं उर्मिल दास चंदेल (सफाई कामगार) को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। विदाई कार्यक्रम में निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### कलेक्टर ने राज्योत्सव की तैयारियों का किया निरीक्षण

**मोहला 1 नवंबर।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने राज्योत्सव 2025 के जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान वे मिनी स्टेडियम, मोहला पहुंचीं और कार्यक्रम स्थल पर की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री जीआर मरकाम, एसडीएम श्री हेमेंद्र भूआर्य, डिप्टी कलेक्टर श्री डीआर ध्रुव सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने मंच, स्टॉल एवं रूट चार्ट का अवलोकन किया। उन्होंने बारिश की संभावना को ध्यान में रखते हुए वाटरप्रूफ स्टॉल बनाए जाने तथा फूड स्टॉल को उपयुक्त एवं सुरक्षित स्थान पर लगाने के निर्देश दिए।

### बिहार में बनेगी एनडीए की सरकार : राजेंद्र



**कवर्धा, 1 नवंबर।** जिला बीजेपी अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने बिहार चुनाव पर चर्चा करते हुए कहा की बिहार में एनडीए सरकार बनेगी और 14 तारीख को परिणाम आयेगा और महागठबंधन की हार होगी ।

### बिहार विधानसभा चुनाव में नीतीश की होगी विदाई : ममता चंद्राकर



**कवर्धा, 1 नवंबर।** बिहार विधानसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए पूर्व विधायक ममता चंद्राकर ने कहा की जनता ने मन बना लिया है की बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को हराना है और 14 को परिणाम जब आयेगा तब नीतीश की विदाई हो जाएगी ।

## सड़कों पर बैठे पशुओं से दुर्घटना की आशंका, निगम ने शुरू की सख्त कार्रवाई

**भिलाई, 1 नवंबर ।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा सड़क पर आवारा पशुओं के कारण होने वाली परेशानियों और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कार्रवाई तेज कर दी गई है।

नेशनल हाईवे नेहरू नगर चौक से पावर हाउस चौक तक सड़क बाधित करने वाले पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देश पर बेदखली प्रभारी विनय शर्मा अपने दल के साथ सुबह से ही सड़कों पर सक्रिय हैं। पकड़े गए पशुओं को कोसानाला गौठान में रखा जा रहा है, जहां उनके लिए हरा चारा और पानी की व्यवस्था की गई है। निगम अधिकारियों ने बताया कि कुछ खटाल संचालक अपने पशुओं को खुले में छोड़ देते हैं, जिससे पशु सड़कों पर भटकते हुए वाहनों के बीच आकर बैठ जाते हैं। यह स्थिति विशेष रूप से नेशनल हाईवे पर भारी और दुपहिया वाहनों के लिए दुर्घटना की आशंका बढ़ा देती है। निगम का उड़नदस्ता दल सुबह से ही सड़कों पर घूमकर पशुओं को पकड़कर काउ कैचर वाहन के माध्यम से गौठान तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है।



## छत्तीसगढ़ की सब जूनियर फेंसिंग टीम राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए इम्फाल रवाना



**भिलाई, 1 नवंबर ।** छत्तीसगढ़ राज्य की सब-जूनियर 14 वर्ष से कम आयु वर्ग बालक एवं बालिका फेंसिंग टीम 27वीं राष्ट्रीय फेंसिंग चैंपियनशिप में भाग लेने इम्फाल मणिपुर के लिए रवाना हो गई। प्रतियोगिता का आयोजन फेंसिंग चैंपियनशिप ऑफ इंडिया के तत्वावधान में मणिपुर फेंसिंग एसोसिएशन द्वारा 3 से 8 नवंबर तक खुमान लम्पक इंडोर स्टेडियम, इम्फाल में किया जा रहा है।

टीम का चयन 5 अक्टूबर को इस्पात क्लब, भिलाई में आयोजित चयन स्पर्धा के आधार पर किया गया। इसके बाद खिलाड़ियों का विशेष प्रशिक्षण शिविर 16 से 29 अक्टूबर तक आयोजित हुआए जिसका समापन छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के महासचिव बशीर अहमद खान ने किया। कुल 28 सदस्यीय टीम बालक एवं बालिका वर्ग इस प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी। खिलाड़ियों को खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा यात्रा भत्ता एवं ट्रैकसूट प्रदान किए गए हैं। टीम 30 अक्टूबर को दुर्ग से रवाना होकर 2 नवंबर को इम्फाल पहुंचेगी और 11 नवंबर को वापसी होगी।

## कुर्मी समाज गभरा इकाई की बैठक सम्पन्न, ध्रुव नारायण बने ग्राम प्रमुख



**पाटन,1 नवंबर।** मनवा कुर्मी समाज पाटन राज के निर्देशन में ग्राम इकाई गभरा की बैठक सामुदायिक भवन में संपन्न हुई। बैठक में सामाजिक संगठन की मजबूती तथा सामाजिक गतिविधियों के सुचारू संचालन के लिए नए पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। इस अवसर पर ध्रुव नारायण वर्मा को ग्राम प्रमुखए संतराम वर्मा को कोषाध्यक्ष तथा प्रहलाद वर्मा को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में पाटन राज प्रधान युगल आडिल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए केंद्र द्वारा पारित प्रस्तावों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समाज में प्री.वेडिंग शूट पर रोकए अनिवार्य सदस्यता शुल्क में संशोधनए तथा राज प्रधान और केंद्रीय अध्यक्ष का चुनाव एक साथ कराए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष राज अधिवेशन पाटन राज में 8 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। बैठक में राज मंत्री केदार कश्यप, अमित वर्माए टोकनाथ वर्मा, पूर्व ग्राम प्रमुख मेहतर वर्मा, पवन वर्माए धर्मपाल वर्मा, मनोहर वर्माए विजय वर्मा, देवेंद्र वर्मा, अविनाश वर्मा, ईश्वर वर्मा, विष्णु वर्मा एवं सत्यम वर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।



### कलेक्टर ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई शपथ

**दुर्ग, 1 नवंबर।** लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर आज कलेक्टोरेट के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने जिला कार्यालय के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करने की शपथ दिलायी। सभी ने अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प लिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती योगिता देवांगन, अपर कलेक्टर श्री विरेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सिल्ली थॉमस सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर यूनिटी मार्च का आयोजन

**दुर्ग, 1 नवंबर।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले में खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर यूनिटी मार्च (पद यात्रा) आयोजित की गई। यूनिटी मार्च कार्यक्रम में दुर्ग सांसद श्री विजय बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। साथ ही नगर पालिक निगम दुर्ग महापौर श्रीमती अलका बाघमार तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल, नगर पालिक निगम दुर्ग आयुक्त श्री सुमित अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग श्री सुखनंदन राठौर भी कार्यक्रम में शामिल हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद श्री विजय बघेल एवं महापौर श्रीमती अलका बाघमार एवं अन्य अतिथि द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। समस्त उपस्थित अतिथियों व नागरिकों को की आत्मनिर्भर भारत की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात यूनिटी मार्च को हरी झंडी दिखाकर सरदार वल्लभ भाई पटेल चौक से रवाना किया गया। यूनिटी मार्च प्रारंभ स्थल से गांधी चौक से मुड़ कर उतई ऑटो स्टैण्ड, गौरव पथ सुराना कॉलेज, शीतला मार्केट होते हुए जेल तिराहा से विवेकानंद सभागार में पहुंच कर समाप्त हुई। जहां अतिथियों का उद्?बोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पंचायत दुर्ग उपाध्यक्ष श्री पवन शर्मा, जनपद पंचायत पाटन अध्यक्ष श्रीमती कृतिका, जनपद पंचायत दुर्ग अध्यक्ष श्रीमती कुलेश्वरी सुखदेव देवारापन, जनपद पंचायत धमधा अध्यक्ष श्री नेमन साहू, जिला पंचायत दुर्ग पूर्व अध्यक्ष श्रीमती माया बेलचंदन, पूर्व महापौर श्रीमती चंद्रिका चंद्राकर, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अरविन्द मिश्रा, आरआई पुलिस लाईन दुर्ग श्री नीलकंठ वर्मा, थाना प्रभारी पद्?मनाभपुर श्री राजकुमार लहरे उपस्थित हुए थे।

इसी प्रकार उक्त पद यात्रा में बड़ी संख्या में जिले के स्कूल छात्राओं, व्यायाम निर्देशकों, एनसीसी, स्काउट गाईड, रेडक्रास, प्रशिक्षकों, खेल संघ के पदाधिकारी/राष्ट्रीय/राज्य स्तर के खिलाड़ियों, कार्यकर्तागणों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। उपर्युक्त आयोजन में यातायात पुलिस द्वारा सुचारु यातायात व्यवस्था एवं नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा पेयजल व्यवस्था की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सक एवं एम्बुलेस व्यवस्था की सेवाएं उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री तनवीर अकोल, श्री भूपेन्द्र कुमार हिरवानी, श्री भरत ताम्रकार श्री ईश्वरी देशमुख, श्री सुजित यादव श्री महेश यादव का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक श्री श्री विलियम लकड़ा तथा खिलेन्द्र कुमार साहू, श्री प्रदीप मुवाल एवं श्रीमती ममता ध्रुव द्वारा किया गया।

### जिले में विद्यार्थियों का मैंडेटरी बायोमेट्रिक एवं आधार अपडेशन कार्य निरंतर जारी

**दुर्ग,1 नवंबर।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार 8 नवम्बर 2025 जिले के चिन्हित सभी शासकीय व अशासकीय स्कूलों में मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन एवं आधार अपडेशन का कार्य 29 अक्टूबर से निरंतर चल रहा है। 30 अक्टूबर को 1642 विद्यार्थियों का मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन तथा 292 विद्यार्थियों का आधार अपडेशन किया गया। आज 34 केन्द्रों में शिविर लगाया गया, जिसमें 2043 विद्यार्थियों का मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन तथा 256 विद्यार्थियों का आधार अपडेशन किया गया।



आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शनिवार 01 नवंबर 2025 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-11 ■ वर्ष -41 ■ अंक-212 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 02 नवंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112



# यह भवन लोकतंत्र का तीर्थ स्थल है

## पीएम मोदी ने किया नये विधानसभा भवन का उद्घाटन

**रायपुर,1 नवंबर।** छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नवा रायपुर स्थित नवीन विधानसभा भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान कार्यक्रम में मंच पर पीएम मोदी के साथ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, राज्यपाल रामेन डेका, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत सांसद बृजमोहन अग्रवाल मौजूद थे।

मोदी ने यहां पूर्व प्रधानमंत्री एवं छग राज्य निर्माता स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा के लिए आज का दिन एक स्वर्णिम शुरुआत का दिन है और मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर यह बहुत ही सुखद दिन है, अहम दिन है। मेरा बीते कई दशकों से इस भूमि से बहुत आत्मीय नाता रहा है। एक कार्यकर्ता के रूप में मैंने छत्तीसगढ़ में बहुत समय बिताया। यहां से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला।

पीएम मोदी ने कहा कि 2025 का यह साल भारतीय गणतंत्र का अमृत वर्ष भी है। 75 साल पहले भारत ने अपना संविधान देशवासियों को समर्पित किया था। ऐसे में आज इस ऐतिहासिक अवसर पर मैं इस अंचल से संविधान सभा के सदस्य रहे रविशंकर शुक्ल, बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल, घनश्याम सिंह गुप्त, ईश्वरी मोहन त्रिपाठी, रामप्रसाद पोटाई और रघुराज सिंह जैसे महापुरुषों को स्मरण करते हुए उन्हें अपनी श्रद्धांजलि देता हूं।

यह केवल एक इमारत का समारोह नहीं, बल्कि 25 वर्षों की जन-आकांक्षा, जन-संघर्ष और जन-गौरव का उत्सव बन गया है। आज छत्तीसगढ़ अपने स्वप्न के नए शिखर पर खड़ा है। अटल जी ने छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया, तो वह निर्माण केवल प्रशासनिक नहीं था, वह निर्णय था विकास की नई राह खोलने का और वह निर्णय था छत्तीसगढ़ की आत्मा को पहचान दिलाने का। इसलिए आज जब इस भव्य विधानसभा के साथ-साथ अटल जी की प्रतिमा का भी अनावरण हुआ है, तो मन कह उठता है मेरे भाव व्यक्त हो रहे हैं। अटल जी जहां भी हों। जहां भी होंगे अटल देखिये आपका सपना साकार हो रहा है। आपका बनाया हुआ छत्तीसगढ़ आज आत्मविश्वास से भरा हुआ है, विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ 25 साल का हो गया है, तो भी मुझे इस क्षण का साक्षी रहने का सौभाग्य मिला है। मैं नवीन विधानसभा के लिए सरकार को भी बधाई देता हूं। 2025 का यह वर्ष अमृत वर्ष भी है। मैं इस अंचल के पुरखों को भी नमन करता हूं। छत्तीसगढ़ के विभूतियों ने संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई थी। यह केवल एक इमारत का समारोह नहीं, यह जनगौरव का उत्सव भी है। आज छत्तीसगढ़ अपने स्वप्न के नए शिखर पर खड़ा है। मैं इस मौके पर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को याद करता हूं, जिन्होंने छत्तीसगढ़वासियों को पृथक राज्य की सौगात दी।



रायपुर, 01 नवंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रायपुर प्रवास के दौरान जन्मजात हृदय रोग से उबर चुके बच्चों से मुलाकात की और उनके साथ आत्मीय संवाद किया। प्रधानमंत्री ने बच्चों से उनकी सेहत, पढ़ाई और सपनों के बारे में पूछा। बच्चों ने भी अपने उपचार और स्वस्थ जीवन की कहानियाँ साझा कीं।

### देश के विकास में 'ब्रह्माकुमारी संस्थान' का योगदान



रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर नवा रायपुर के सेक्टर-20 में 'ब्रह्माकुमारी संस्थान' के नवनिर्मित शांति शिखर रिट्रीट सेंटर 'एकेडमी फॉर ए पीसफुल वर्ल्ड' का लोकार्पण किया. इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यपाल रमेन डेका मौजूद रहे. वहीं संस्थान की ओर से अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी जयंती, अतिरिक्त महासचिव डॉ. राजयोगी बीके मृत्युंजय, रायपुर की संचालिका बीके सविता मौजूद थीं। प्रधानमंत्री ने देश के विकास में ब्रह्मकुमारीज संस्था के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य के विकास से देश का विकास, इसी मंत्र पर चलते हुए हम भारत को विकसित बनाने के अभियान में जुटे हैं। इस संस्थान से मेरा अपनापन, खासकर, जानकी दादी का स्नेह, राजयोगिनी दादी हृदय मोहिनी जी का मार्गदर्शन, ये मेरे जीवन की विशेष स्मृतियों का हिस्सा है. विश्व शांति की अवधारणा, ये भारत के मौलिक विचार का अधिष्ठान है, हिस्सा है। ये भारत की आध्यात्मिक चेतना का प्रकट रूप है।

### खुशहाली के नए आयाम स्थापित होंगे : ओम बिड़ला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कहा कि मुझे विश्वास है कि आधुनिक और विशिष्ट वास्तु से निर्मित इस नए विधानसभा भवन से जो निर्णय लिए जाएंगे, उससे राज्य समृद्धि और खुशहाली के नए आयाम स्थापित होंगे। हमारी लोकतांत्रिक संस्थाएं आस्था और विश्वास का केंद्र होती हैं। विधानसभा में होने वाली चर्चा, विधेयकों पर विमर्श और सार्थक मुद्दों पर विचार-विमर्श वहां के नागरिकों की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा करती है। छत्तीसगढ़ विधानसभा ने हमेशा मर्यादा, संवाद और लोकतांत्रिक परंपराओं की उच्च परंपरा स्थापित की है।

### आज का दिन स्वर्णिम अक्षरों में रहेगा अंकित : डॉ. रमन सिंह

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज हमारे लिए गौरव का क्षण है। हम सब आज प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में ऐतिहासिक विधानसभा भवन के लोकार्पण के साक्षी हैं। मैं ऐसे प्रधानमंत्री का स्वागत करता हूं जिन्होंने राम मंदिर निर्माण कराया, जिन्होंने धारा 370 हटाया, जिन्होंने गरीबों को आवास और भोजन की गारंटी दी। आज का दिन स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा। निर्माण से लेकर जवान तक, विकास से लेकर विधान तक सब कुछ ऐतिहासिक है।

### विधानसभा जनता और सरकार के बीच सेतु के रूप में काम कर रही : सीएम साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आज का दिन स्वर्णिम अक्षरों से अंकित रहेगा। एक नया भारत निर्माण करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का हम स्वागत और अभिनंदन करते हैं। आज हमारा देश सशक्त और आत्मनिर्भर है। छत्तीसगढ़ का गौरवशाली इतिहास रहा है और हमारा ऐतिहासिक विधानसभा रहा है। आज एक और इतिहास नवीन भवन के रूप में रच रहा है। यह विधानसभा जनता और सरकार के बीच सेतु के रूप में कार्य कर रही है।

## पीएम मोदी ने ली तीजन बाई की सेहत की जानकारी

**रायपुर।** नवा रायपुर पहुंचे पीएम मोदी ने तीजन बाई के स्वास्थ्य की जानकारी ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध कलाकार पद्म विभूषण तीजन बाई के परिवार से बात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रख्यात लेखक पद्म भूषण विनोद कुमार शुक्ल को भी फोन किया और उनके स्वास्थ्य और कुशलक्षेम की जानकारी ली।

**पद्म भूषण विनोद कुमार शुक्ल को भी किया फोन**

## आंध्र प्रदेश के वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भगदड़, 10 की मौत

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के कासीबुग्गा में वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भगदड़ मचन से कम के कम 10 लोगों की मौत की खबर है। इस भगदड़ में एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। एकादशी के मौके पर मंदिर में काफी भीड़ थी। हालांकि भागदड़ की मुख्य वजह का अभी पता नहीं चल पाया है। बता दें कि यह मंदिर आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में हैं। एकादशी के मौके पर मंदिर में भारी भीड़ इकट्ठी हुई थी। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की मौत की खबर बेहद दुखद है। मैं मृतकों के परिवारों के साथ संवेदना व्यक्त करता हूं। मैंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि घायलों को तुरंत उचित इलाज मुहैया करवाया जाए।



## पीएससी परीक्षा के नतीजे जारी

**रायपुर,1 नवंबर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा 2024 का परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग की वेबसाइट www.psc.cg.gov.in पर परिणाम अपलोड कर दिया गया है। इस परीक्षा में कुल 643 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार (इंटरव्यू) के लिए प्रावधिक आधार पर चयनित किया गया है। आयोग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, राज्य सेवा परीक्षा 2024 के तहत 17 सेवाओं में कुल 246 पदों के लिए भर्ती निकाली गई थी। प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम के आधार पर 3737 अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए चिन्हांकित किया गया था। इसके बाद मुख्य परीक्षा 26 से 29 जून 2025 तक आयोजित की गई। मुख्य परीक्षा में वर्गवार और उपवर्गवार न्यूनतम अर्हकारी अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की उपलब्धता के आधार पर 643 उम्मीदवारों का चयन साक्षात्कार के लिए किया गया है। चयनित उम्मीदवारों को ऑनलाइन अग्रमान्यता भरनी होगी, जिसकी तिथि आयोग अलग से जारी करेगा। आयोग के अनुसार, साक्षात्कार प्रक्रिया 10 नवंबर से 20 नवंबर 2025 तक आयोजित की जाएगी। साक्षात्कार का आयोजन छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग कार्यालय, नवा रायपुर (नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, अटल नगर) में किया जाएगा। इसके साथ ही, दस्तावेज सत्यापन की तिथि और समय भी तय कर दिए गए हैं।






## विमानतल पर मोदी का स्वागत,रोड शो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज सुबह एक दिवसीय दौरे पर रायपुर पहुंचने पर स्वामी विवेकानंद विमानतल पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सांसद बृजमोहन अग्रवाल समेत अन्य नेताओं ने स्वागत किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रायपुर के एक दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान एयरपोर्ट से लेकर ब्रम्हकुमारी के शांति शिखर भवन तक पीएम मोदी ने रोड शो किया। सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए उमड़ पड़े, जहां लोगों ने हाथ हिलाकर और बैनर-पोस्टर लहराकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।



## मोदी ने की विधानसभा अध्यक्ष की तारीफ

### लोकतंत्र को सशक्त बनाने का जीता-जागता उदाहरण हैं डॉ. रमन सिंह

**नवा रायपुर,1 नवंबर।** छत्तीसगढ़ की नई विधानसभा भवन के भव्य उद्घाटन समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे इस बात का जीवंत उदाहरण हैं कि एक सच्चा कार्यकर्ता अपने परिश्रम और समर्पण से लोकतांत्रिक व्यवस्था को कितनी मजबूती दे सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "रमन सिंह इस बात का बहुत बड़ा उदाहरण हैं कि एक कार्यकर्ता अपने परिश्रम और समर्पण भाव से लोकतांत्रिक व्यवस्था को कितना सशक्त बना सकता है।" मोदी ने हल्के-फुल्के अंदाज़ में क्रिकेट का उदाहरण देते हुए कहा, "क्रिकेट में हम देखते हैं कि जो कभी कप्तान होते हैं, वे टीम में खिलाड़ी बनकर भी खेलते हैं, लेकिन राजनीति में ऐसा कम होता है। ये उदाहरण डॉ. रमन सिंह को दे सकते है कि जो कभी कैप्टन हुआ करते थे वो आज छत्तीसगढ़ की सेवा के लिए कार्यकर्ता की तरह समर्पित होकर कार्य कर रहे है। वो हर कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा हैं।"

## छत्तीसगढ़ शौर्य पदक: शहीद आकाश गिरेपुंजे समेत 14 पुलिसकर्मी होंगे सम्मानित

**रायपुर,1 नवंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के मौके पर आज 14 जांबाज पुलिसकर्मियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा. यह सम्मान उन पुलिसकर्मियों को प्रदान किया जाएगा, जिन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अदम्य साहस और साहस का परिचय दिया. 'छत्तीसगढ़ शौर्य पदक' प्राप्तकर्ताओं में शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सुकमा) आकाश राव गिरपुंजे का नाम सबसे ऊपर है. इस पुरुस्कार का वितरण अलंकरण समारोह में किया जाएगा, जो 5 नवंबर को राज्योत्सव स्थल, रायपुर में आयोजित होगा. इस कार्यक्रम में मुख्य तौर पर मुख्यमंत्री विश्नुदेव साय, गृह मंत्री विजय शर्मा और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे. छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर 'छत्तीसगढ़ शौर्य पदक' के लिए कुल 14 पुलिसकर्मियों का चयन किया गया है. इनमें शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सुकमा) आकाश राव गिरपुजें का नाम सबसे ऊपर है. उनकी वीरता और समर्पण को देखते हुए राज्य सरकार ने उन्हें मरणोपरांत पदक से सम्मानित करने का निर्णय लिया है.

पुरुस्कार के लिए चयनित पुलिसकर्मियों की सूची :-, निरीक्षक धरम सिंह तुलावी (बीजापुर),सहायक उप निरीक्षक गोपाल बोड्डू (बीजापुर),शहीद प्रधान आरक्षक (308) बीरेन्द्र कुमार शोरी (नारायणपुर),महिला आरक्षक (1257) निशा कचलाम, बस्तर फाइटर्स (नारायणपुर),आरक्षक (1556) विजय पुनेम (बीजापुर),आरक्षक (295) रामेश्वर ओयामी (दंतेवाड़ा),आरक्षक (1286) राजू लाल मरकाम, बस्तर फाइटर्स (दंतेवाड़ा),आरक्षक (1396) समलू राम सेठिया, बस्तर फाइटर्स (दंतेवाड़ा),आरक्षक (1224) दुला राम कोवासी, बस्तर फाइटर्स (दंतेवाड़ा),आरक्षक (224) मोहन लाल करटम (दंतेवाड़ा),आरक्षक (1316) संतोष मुरामी, बस्तर फाइटर्स (दंतेवाड़ा),आरक्षक (1380) मनोज यादव, बस्तर फाइटर्स (दंतेवाड़ा),आरक्षक (1232) जामू रामको, बस्तर फाइटर्स (दंतेवाड़ा),

## संपादकीय

# कार्रवाई व सजा का डर होना चाहिए

कोई भी सरकार हो, सरकार की नीयत का पता तो उसके काम से चलता है, उसके काम से पता चलता है कि सरकार ईमानदार है या नहीं है।सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफहै या नहीं है।भ्रष्टाचार का छोटा मामला हो या बड़ा मामला हो सरकार कार्रवाई करती है तो पता चलता है कि सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ है।सरकार भ्रष्टाचार करने वालों को सजा दिलाती है तो पता चलता है कि सरकार ईमानदार है और वह भ्रष्टाचार करने वालों को सजा दिलाने में यकीन रखती है। कई बार यह तो पता चलता है कि सरकार भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफनिरंतर कार्रवाई कर रही है लेकिन कार्रवाई के बाद जनता को यह पता नहीं चलता है कि उसे भ्रष्टाचार की सजा मिली या नहीं मिली।

भ्रष्टाचार के मामले में कार्रवाई से ही पता चलता है कि वर्तमान सरकार पिछली सरकार जैसी है या उससे अलग है, अगर सरकार पिछली सरकार की तुलना में भ्रष्टाचार के मामलों में ज्यादा वकार्रवाई करती है तो जनता को यह बात समझ आ जाती है कि यह सरकार पिछली सरकार इसलिए अलग है कि पिछली सरकार में भ्रष्टाचार रोकने का प्रयास ही नहीं किया जाता था, पिछली सरकार में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जाता था।जब भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जाता है, सत्ता व संगठन के लोग सामूहिक रूप से भ्रष्टाचार करते हैं तो जनता को पता चल ही जाता है कि यहां तो सब मिलजुलकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं। ऐसे लोगों के कारण निचले स्तर पर भी भ्रष्टाचार करने वाले बेखौफहो जाते हैं कि ऊपर के लोग जब खुद भ्रष्टाचार कर रहे है तो वह निचले स्तर पर कैसे भ्रष्टाचार पर रोक सकते हैं।

सरकार ईमानदार होती है तो वह भ्रष्टाचार को रोकने का जो भी प्रयास हो सकता है, करती है। शिकायत करने पर जांच करती है, कार्रवाई करती है। सरकार जब जांच करती है, कार्रवाई करती है तो भ्रष्टाचार करने वालों में डर होता है, हम पर भी कार्रवाई हो सकती है, हम भी गिरफ्तार किए जा सकते हैं।यह डर जब ऊपर से नीचे तक होता है तो ही ऊपर से नीचे तक लोग भ्रष्टाचार करने से डरते हैं।ऐसे लोगों पर कार्रवाई होने की खबर आती है इससे तो बेईमान लोगों मे डर पैदा होता है लेकिन ऐसे लोगों को क्या सजा मिली है, बेईमान लोगों को पता चलता है उनको और ज्यादा डर लगता है कि इस सरकार के राज में भ्रष्टाचार किए मतलब सजा मिलनी है। भ्रष्टाचार रोका तो नहीं जा सकता लेकिन उसे कम जरूर किया जा सकता है, कम करने का तरीका यही है कि उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए, उसे कड़ी सजा दिलाई जाए और राज्य के लोगों को बताया भी जाए कि भ्रष्टाचार करने वालों को क्या सजा मिल रही है।

पिछली सरकार से साय सरकार में यह बात जनता को अच्छी लगती है कि घूसखोर, बेईमान लोगों के खिलाफ आए दिन कार्रवाई होती रहती है।उनको घूस लेते पकड़ा जाता है, कार्रवाई की जाती है।हाल ही में भारतमाला परियोजना मे बड़ा घोटाला होने पर इसमें शामिल सभी लोगों पर कार्रवाई की गई है।तीन पटवारियों की गिरफ्तारी के बाद एसडीएम सहित पांच अधिकारी फरार हो गए हैं। इससे पता तो चलता है कि साय सरकार के समय भ्रष्टाचार करने वाला कोई भी हो उस बख्शा नहीं जाएगा, उसने भ्रष्टाचार किया है तो कार्रवाई तो होगी ही।भारतमाला परियोजना के तहत 11 जिलों में गड़बड़ी की गई है।बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार सामने आने पर राज्य सरकार ने जांच रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेज दी है।उम्मीद की जा रही है कि केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय इस मामले की सीबीआई या ईडी से जांच कराने विचार कर रहा है।इन दोनों एजेंसी की जांच से सभी भ्रष्टाचार करने वाले डरते हैं।वह जानते हैं कि यह दोनों एजेंसी जांच करेंगे तो उनका फंसना तय है।

एक भ्रष्टाचार तो सामूहिक रूप से किया जाता है, कुछ मिलकर भ्रष्टाचार करते हैं और वह बड़ा भ्रष्टाचार होता है, करोड़ों का भ्रष्टाचार होता है। यह लोग सोचते हैं कि हमारे भ्रष्टाचार का किसी को पता नहीं चलेगा लेकिन भ्रष्टाचार छिपता नहीं है, लोगों को पता चल ही जाता है, उसकी पोल एक दिन खुल जाती है।भारत परियोजना में भ्रष्टाचार ऐसा ही है। इसके अलावा जो भ्रष्टाचार निचले स्तर पर होता है, वह एक व्यक्ति द्वारा किया गया होता है। इसमें सरकार का अफसर या कर्मचारी काम करने के एवज में पैसे मांगता है। ऐसे लोग समझते हैं कि वह किसी पद पर है, कोई काम वही कर सकते हैं तो काम करने के एवज में पैसे मांगते हैं. यह भ्रष्टाचार हजारों रुपए का होता है।साय सरकार में हाल ही में सब इंजीनियर, पटवारी, आपरेटर व बाबू को हजारों रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा गया है। इस तरह का भ्रष्टाचार करने वाले सोचते हैं कि किसी को लाखों रुपए मिल रहा है तो घूस मांगने पर वह पैसा दे देगा। कई लोग पैसा जल्दी लेने के लिए घूस दे भी देते है। इससे घूस मांगने वाले समझते हैं कि सब उनको घूस दे देंगे लेकिन कुछ लोग होते हैं जो घूस देने की बात तो करते हैं लेकिन उनकी शिकायत एसीबी से कर देते हैं, इससे ऐसे लोगों को पकड़ना आसान होता है।अगर हर आदमी इसी तरह घूस न देकर एसीबी से शिकायत करे तो भ्रष्टाचार पर रोक लग सकती है लेकिन बहुत से लोगों के द्वारा घूस देने व शिकायत नहीं करने के कारण भ्रष्टाचार होता रहता है। राज्य के लोगों को समझने की जरूरत है कि भ्रष्टाचार उनके चाहने से नहीं रुकने वाला है, उनके शिकायत करने पर ही रुक सकता है।उनके सहन नहीं करने पर ही रुक सकता है। जनता शिकायत ही नहीं करेंगी तो राज्य सरकार कार्रवाई कैसे घूसखोर पर करेगी।

---

### माटी से महिमा तकः छत्तीसगढ़ की 25 वर्षीय यात्रा

# नए छत्तीसगढ़ का सपना : स्वर्णिम भविष्य की ओर

**रजत जयंती पर विशेष**

**हृदय मोहन**



पच्चीस वर्षों की यात्रा पूरी कर चुका छत्तीसगढ़ अब अपने इतिहास के एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। जिस तरह 2000 में राज्य निर्माण ने पहचान दी थी, वैसे ही 2025 का यह क्षण दिशा तय करने वाला है। रजत जयंती का यह पड़ाव आत्ममंथन का भी है और नए संकल्पों का भी – अब समय है इस आधार पर भविष्य की उस इमारत को खड़ा करने का, जो आत्मनिर्भर, हरित और समावेशी हो। पच्चीस वर्षों की यह यात्रा जहाँ सांस्कृतिक आत्मगौरव से शुरू हुई, वहीं अब यह ज्ञान, तकनीक और स्थायी विकास के युग में प्रवेश कर रही है। राज्य का लक्ष्य है – अपनी माटी की खुशबू को बनाए रखते हुए, नवाचार की महिमा से स्वर्णिम भविष्य की ओर बढ़ना।

#### विकास की नई रूपरेखाः समावेश से सशक्तिकरण तक

आज छत्तीसगढ़ का विकास मॉडल केवल भौतिक ढाँचे तक सीमित नहीं है; यह मानव विकास और सामाजिक न्याय पर केंद्रित है। इसका सार महिला सशक्तिकरण की उन योजनाओं में दिखता है जो महिलाओं को केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि परिवार और समाज में सम्मानजनक हैसियत देती हैं। कृषि के क्षेत्र में, पारंपरिक खेती अब वैज्ञानिक पद्धतियों, सूक्ष्म-सिंचाई और मूल्य संवर्धन के साथ जुड़ रही है, जिससे धान का कटोरा अब प्रसंस्कृत अन्न का केंद्र बनने की ओर अग्रसर है।

यह समावेशी दृष्टि बस्तर और सरगुजा के दुर्गम अंचलों तक पहुँची है, जहाँ सौर ऊर्जा परियोजनाएँ और ग्रामीण सड़कें न केवल विकास ला रही हैं, बल्कि यह संदेश भी पहुँचा रही हैं कि प्रगति अब शहरी केन्द्रों तक सीमित नहीं है। डिजिटल कनेक्टिविटी और ई-शिक्षा के प्रयासों ने गाँव-गाँव में शिक्षा की एक नई लहर शुरू की है, जिससे युवा पीढ़ी डिजिटल युग के साथ कदम मिला रही है।

#### अर्थव्यवस्था का रूपांतरण खनिज से निर्माण तक

खनिज संपदा से समृद्ध यह राज्य अब केवल खनन की अर्थव्यवस्था से आगे बढ़कर निर्माण और नवाचार की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। रेल कॉरिडोर और ग्रीन इंडस्ट्रियल जोन जैसी परियोजनाएँ निवेश को आकर्षित करते हुए पर्यावरण-संतुलन बनाए रखने का प्रयास कर रही हैं। यह एक ऐसी औद्योगिक क्रांति का संकेत है जो प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर चलती है।

इसके साथ ही, राज्य की सांस्कृतिक पूँजी–उसके हस्तशिल्प, कोसा सिल्क और बस्तर की कला–को वैश्विक बाजारों से जोड़ा जा रहा है। स्थानीय कारीगर अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान बना रहे हैं। वनोपज के मूल्यवर्धन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है, जो ग्राम स्वराज के आधुनिक स्वरूप को साकार करती है। यह आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक चेतना का प्रतीक बन गई है।




#### ज्ञान और हरित ऊर्जा भविष्य के स्तंभ

21वीं सदी का छत्तीसगढ़ केवल खनिज संपदा पर निर्भर राज्य नहीं रहेगा, बल्कि ज्ञानक्ष्आधारित अर्थव्यवस्था का केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। भिलाई, रायपुर और बिलासपुर जैसे शहर अब शिक्षा और उद्योग के साथ-साथ नवाचार के हब के रूप में उभर रहे हैं। स्टार्टअप संस्कृति और कौशल विकास युवाओं को नौकरी-चाहने वालों की बजाय रोजगार-सृजक बना रहे हैं। इस दिशा में अगस्त 2025 में आईआईएम रायपुर, एनआईटी रायपुर और मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन के बीच हुए त्रिपक्षीय समझौते का विशेष महत्व है, जो राज्य में शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता को एक साथ मजबूत करने की एक ठोस पहल है।

साथ ही, छत्तीसगढ़ कोयले के साथ-साथ हरित ऊर्जा का भी अग्रणी केंद्र बन रहा है। सौर ऊर्जा पार्क, बायो-सीएनजी परियोजनाएँ और हाइड्रोजन मिशन जैसे कदम राज्य को एक कार्बन-न्यून भविष्य की ओर ले जा रहे हैं। यह संक्रमण न केवल पर्यावरण के लिए अच्छा है, बल्कि यह एक नई, टिकाऊ आर्थिक विरासत का निर्माण कर रहा है।

इस विकास यात्रा में पर्यटन एक नए रूप में उभर रहा है। छत्तीसगढ़ के पास प्राकृतिक सौंदर्य, जनजातीय विरासत और प्राचीन पुरातात्विक धरोहरों का एक अद्भुत संगम है। इस क्षमता को दुनिया के सामने लाने और सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी भिलाई ने मई 2025 में राज्य के पुरातत्व निदेशालय और पर्यटन बोर्ड के साथ दो समझौता-ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। यह साझेदारी विरासत अनुसंधान और जिम्मेदार पर्यटन के क्षेत्र में अकादमिक ज्ञान और जमीनी हकीकत के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का काम करेगी, जिससे छत्तीसगढ़ देश के पर्यटन मानचित्र पर एक विशिष्ट स्थान बना सकेगा।

#### जनसहभागिताः विकास की धुरी

राज्य की विकास-दृष्टि की सबसे बड़ी ताकत जनसहभागिता है। पंचायतों, स्वसहायता समूहों और युवा मंडलों को योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रत्यक्ष भूमिका दी जा रही है। 12,000 से अधिक कॉमन सर्विस सेंटर (CSCs) ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं का प्रवेश द्वार बने हैं।

इसी कड़ी में, संपत्ति पंजीकरण और राजस्व सेवाओं के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक सुधार देखने को मिला है। मई 2025 में, छत्तीसगढ़ सरकार ने रजिस्ट्री और राजस्व सेवाओं में दस क्रांतिकारी सुधारों की शुरुआत की। इनमें उन्नत नेशनल जनरल डॉक्यूमेंट रजिस्ट्री सिस्टम (NGDRS) का कार्यान्वयन और आधार-आधारित प्रमाणीकरण शामिल है, जिसने गवाहों की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है। यह कदम न केवल प्रक्रिया को सरल बनाता है बल्कि पारदर्शिता और सुरक्षा को एक नए स्तर पर ले जाता है। इसके साथ ही, राज्य के सभी 157 रजिस्ट्रेशन कार्यालयों में ई-रजिस्ट्री (ERAMI) प्रणाली ने इस आधार पर 15 लाख से अधिक दस्तावेज पंजीकृत किए हैं, जो एक मील का पत्थर साबित हुआ है।

ई-गवर्नेंस और डिजिटल ग्राम की इस अवधारणा ने पारदर्शिता और दक्षता की एक नई संस्कृति को जन्म दिया है, जिसका प्रमाण मुख्यमंत्री हेल्पलाइन द्वारा 9 लाख से अधिक शिकायतों के समाधान में देखा जा सकता है। इससे शासन एक सहभागी अनुभव बन गया है।

#### माटी से स्वर्णिम भविष्य की ओर

छत्तीसगढ़ की यह यात्रा केवल विकास की नहीं, बल्कि आत्मविश्वास की कहानी है – जहाँ संस्कृति ने प्रगति को दिशा दी और संवेदना ने नीति को आकार दिया। पहले पच्चीस वर्षों ने नींव रखी – पहचान, भागीदारी और परंपरा की। अब अगले पच्चीस वर्ष नवाचार, हरित ऊर्जा और जनसशक्तिकरण के होंगे।

भविष्य का छत्तीसगढ़ वह होगा जो अपनी माटी से जुड़ा रहे और नई तकनीक की उड़ान भरे। जहाँ खेती और उद्योग के बीच संतुलन हो, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था साथ चलें और हर नागरिक विकास का सहभागी बने। यह राज्य अब भारत के विकास-नक्शे में उस उदाहरण के रूप में उभर रहा है जहाँ परंपरा और तकनीक, संस्कृति और सृजन, दोनों साथ चलते हैं। यही संतुलन माटी से महिमा तक की यात्रा को महिमा से स्वर्णिम भविष्य की पूर्णता देगा। इसी भावना को स्वर देती हैं ये पंक्तियाँ –

*माटी की महक से उठी थी बात,*
*अब नवाचार से जगमग सौगात।*
*जन-मन, जन-बल, जन-स्वप्न के साथ,*
*छत्तीसगढ़ रचे स्वर्णिम इतिहास।*

***(लेखक पूर्व कार्यकारी निदेशक, स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (सेल) तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं में नियमित स्तंभकार हैं।)***


*(hridayamohan@yahoo.co.in)*

---

## शब्द-सामर्थ्य (भागवत साहू) 215

**बाएं से दाएं**
1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**
1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 214 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | | आ | वा | जा | ही | | |
| मा | | खू | ब | | दू | र | स्थ | |
| ना | दा | न | | सा | ग | | ल | क्ष्य |
| | न | ख | | त | र | ल | | |
| | वी | रा | न | | | च | ट | क |
| | र | ब | | आ | ज | क | ल | |
| | | | आ | ग | | दा | ना | |
| | अ | ग | र | म | ग | र | | क्रो |
| भा | भी | | ती | न | | | व | ध |

## सु-दोकू (भागवत साहू) 215

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.214 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

---

## राशिफल

**मेषः** आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी भी योजनाएं बनाएंगे जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। आज अधिकतम समय आपको धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे।

**वृषः** आज परिवार का पूरा साथ मिलेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते है वो आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगें। लवमेट आज साथ में समय बितायेंगे। सामाजिक कामों में अपना योगदान देने से आपकी पहचान बढ़ेगी। आपकी लोकप्रियता के साथ-साथ जनसंपर्क का दायरा बढ़ेगा।

**मिथुनः** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे।

**कर्कः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। बेटी के ससुराल से कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

**सिंहः** आज आपका दिन अच्छे मूड से शुरू होने वाला है। कुछ दिनों से चल रही माता-पिता की नाराजगी आज आपसे ख़त्म होगी। राजनीति व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। बिजनेस आज कोई जरुरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं।

**कन्याः** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिये आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में भी जा सकते हैं। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए।

**तुलाः** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी बात को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे जिसे आप अपने किसी ख़ास मित्र से शेयर भी करेंगे आपको राहत मिलेगी। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्तों की बर्थडे पार्टी मे जायेंगे।

**वृश्चिकः** आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिये आपको ओवर टाईम करना पड़ेगा। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही नहीं करेंगे तो नुक्सान से बच जायेंगे। टूर-ट्रेवल्स और मीडिया संबंधी बिजनेस में नया मोड़ आ सकता है।

**धनुः** आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। आज का दिन महिलाओं के लिए बहुत ही अनुकूल है, आपका काम सरल तरीके से होता रहेगा।

**मकरः** आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरुरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कुंभः** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू कामकाज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं।

**मीनः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद की गुहार करेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप शॉपिंग करने का मन बनायेंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा।

---

### छत्तीसगढ़ राज्य की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर शोध आलेख (भाग-2)

# इतिहास में छत्तीसगढ़

**राज्योत्सव**

**डॉ. टी.आर रामटेके**

**गतांक से आगे....**

मल्हार कस्बे में पुरातत्व से संबंधित भग्नावशेष यत्र-तत्र उपलब्ध है। कुछ प्रमुख नागरिकों के अधीन मल्हार से संबंधित प्राचीन ताम्रपत्र, मुद्राऐं एवं पुरातत्व कलाकृतियां संग्रहित है। लगभग 50 वर्ष पूर्व के मल्हार के उत्खन्न में दो बौद्ध विहार प्राप्त हुए थे, जिसे भूमिगत किया गया है। द्वितीय राजधानी सिरपुर (श्रीपुर) महानदी तट से 200 मीटर की दूरी पर स्थित सिरपुर के नदी बंदरगाह, राजधानी नगर के प्राचीन वैश्विक व्यापारिक संस्थान के पुरावशेष 350 मी.म 350 मी. के क्षेत्रफ्ल में विद्यमान है। जिसमें 100 मी. लंबा व 12 मी. चौड़ा राजपथ को एक अन्य राजपथ समकोण पर काटते हुए चौक निर्मित करता है, जिसमें 4 मी. × 4 मी. आकार व 1 मी. ऊंचा ईट निर्मित मिनार के अवशेष दो बड़ी घंटियों सहित उत्तखनन में प्राप्त हुआ है। मुख्य राजपथ के 4 कोनों में 4 मुख्य व्यापारित संस्थान 1 से 2 मी. ऊंचे प्रस्तर निर्मित अधिष्ठान पर अवस्थित है। इस वाणिज्यिक संस्थान में 3 अन्न गोदाम, 7 अन्न मंडल परिसर, 10 अन्न भण्डारगृह व 40 अन्नागार निर्मित है। सम्पूर्ण व्यापारिक संस्थान परिसर में 200 छोटी- बड़ी दुकानें, 150 छोटे-बड़े कमरे व भण्डार गृह (माल गोदाम), मदद् (मदिरा) निर्माण व्यवस्था, स्थान-स्थान पर 40 गलियारे, लगभग 20 लघु-विशाल अन्न परिसर विद्यमान है। इस व्यापारिक संस्थान में कुछ दुकानों के अंतराल पर 1.1 मी. चौड़े गलियारा निर्मित है, जिसमें पशुओं के पीने हेतु जलकुंण्ड आदि विद्यमान है। संपूर्ण व्यापारिक संस्थान परिसर में प्रस्तर निर्मित फर्श, जलप्रदाय व्यवस्था, 4 जलस्रोत के रूप में कुंआ, 3 आयुर्वेदिक सार्वजनिक स्नानागार, भूमिगत अवशिष्ट जल निकासी व्यवस्था तथा राजमार्ग से व्यापारिक अधिष्ठान में प्रवेश हेतु 50 स्थानों पर सीढ़ियाँ निर्मित है। इस वाणिज्यिक संस्थान में एक सार्वजनिक यज्ञकुण्ड (आकार4मी.म4मी.), एक वास्तु- पुरुष, एक ईष्टिका (ईट) निर्मित यज्ञकुण्ड विद्यमान है। वर्तमान काल तक सिरपुर की 1.5 कि.मी. की परिधि में लगभग 40 प्राचीन मंदिर (शैव वैष्णव व शाक्त धार्मिक सम्प्रदाय), 20 बौद्ध धर्म स्थल, एक जैन मंदिर विहार सहित, कुछ आवासीय परिसर, राजप्रासाद, एवं व्यापारिक परिसर पुरातत्व उत्खनन से प्राप्त हुए हैं। जबकि उसके पश्चात श्रीपुर राजधानी निवेश का पुरात्तव उत्खनन नहीं हुआ है। वाणिज्यिक संस्थान के 4 यज्ञकुण्ड उत्तर वैदिक कालीन है क्योंकि उसी युग में राजधानी एवं बड़े नगरों में चौराहों, व्यापारिक संस्थान, अतिथि गृह में यज्ञकुण्ड निर्मित किये जाते थे। प्राचीन श्रीपुर के राजधानी निवेश वर्तमान काल में समीप के जंगलों में लगभग 7 फीट भूमि तल के नीचे सुरक्षित है। पुरातात्विक साक्ष्यों के आधार पर सिरपुर ईसवी शताब्दी से ई.9वीं शताब्दी तक छत्तीसगढ़ की राजधानी रही थी।



तृतीय राजधानी रतनपुर-कलचुरिकालीन छत्तीसगढ़ की ई. 10वीं शताब्दी से 18वी शताब्दी ई. तक रतनपुर राजधानी थी। कलचुरि शासक रत्नदेव ने ईसवीं सन् 1045 में अपने नाम पर रत्नपुर नामक नगर बसाकर अपनी पूर्व राजधानी तुम्माण से रतनपुर में स्थानान्तरित किया था। रतनपुर की पहाड़ी पर वर्तमान भोदलापारा के समीप राजा घुघ्घुस के महल के भग्नावशेष व कुंआ आदि खंडहर के रूप में विद्यमान है। आदिवासी राजा घुघ्घुस का रतनपुर से लगी हुई पर्वत श्रृंखलाओं के मध्य में राज्य था। स्थानीय लोक कथाओं के अनुसार जब राजा रत्नदेव ने तुम्माण से हटाकर अपनी राजधानी रतनपुर को घोषित किया, तो आदिवासी राजा घुघ्घुस नें रत्नदेव का जबरदस्त विरोध किया था। इस पर रत्नदेव ने ई. सन् 1045 में घुघ्घुस के राज्य पर आक्रमण कर उसे परास्त किया। रतनपुर के जूना शहर के समीप की पहाड़ी पर घुघ्घुस महादेव मंदिर है, जिसकी पूजा-अर्चना आज भी आदिवासियों द्वारा की जाती है। इस पहाड़ी को घुघ्घुस पहाड़ी कहा जाता है। कलचुरी शासक रत्नदेव नें अपने वास्तुविदों व कुशल शिल्पकारों की सहायता से रत्नपुर में राजधानी निवेश का निर्माण किया था। रत्नपुर को राजधानी के रूप में घुघ्घुस पहाड़ी के नीचे ढलान वाले स्थान पर इस प्रकार निर्माण किया गया था कि वर्षाकाल में पहाड़ी ढलान से पानी रतनपुर के सभी 200 तालाबों को भरता हुआ आगे निकल जावें। रत्नदेव द्वारा निर्मित राजधानी रतनपुर की संरचना के अनुसार वर्षा ऋतु में रतनपुर के पश्चिमी दिशा में अवस्थित घुघ्घुस पहाड़ के ढलान से पानी कमशः तंजारी, मकरबंध, भोदला, बैरागवन आदि तालाबों में पानी तेजी से आकर पहाड़नुमा मेंड़ से दो भागों में विभक्त होकर राजधानी रतनपुर को पानी वितरित करते हुए व राजधानी रतनपुर को कोई हानि न पहुंचाते हुए शेष जल आगे बह जाता है। वर्तमान काल में भी रतनपुर में 156 तालाबों के अवशेष अवस्थित है। राजधानी रतनपुर के किले की परिखा (खाई) तथा सभी तालाबों में वर्तमान काल में भी वर्षभर जल लबालब रहता है। रतनपुर किले में भी 2 जलाशय व प्रस्तरखण्डों से आच्छादित 2 कुंए वर्तमान काल में भी मौजूद है। राजधानी निवेश के रूप में रतनपुर के उत्तर-पूर्वी दिशा में रामटेकड़ी पहाड़ी, उत्तर दिशा में बंदरचुआ पहाड़ी, उत्तर-पश्चिम दिशा में कका पहाड़, पश्चिम दिशा में घुघ्घुस पहाड़ी व दक्षिण दिशा में भी पहाड़ियां है। उक्त पहाड़ियां राजधानी रतनपुर को 3 दिशाओं से अण्डाकार के रूप में सुरक्षित रखती है। राजधानी की पूर्व दिशा में मैदानी क्षेत्र है। इसकी सुरक्षा हेतु रत्नदेव नें रतनपुर की उत्तर-पूर्वी दिशा की रामटेकड़ी पहाड़ी से दक्षिण दिशा की पहाड़ी के बीच में मिट्टी निर्मित प्राकार (परकोटा) का निर्माण किया था। जिसके दोनों ओर परिखाओं का भी निर्माण किया गया था। स्थल साक्ष्य के तौर पर वर्तमान में भी उक्त परिखायें तालाबों के रूप में विद्यमान है। आठबीसा तालाब के समीप राजधानी रतनपुर की पूर्व दिशा की सुरक्षा हेतु पूर्व दिशा की ओर मिट्टी परकोटे के भीतर निरीक्षण बुर्ज है। इस दो मंजिला निरीक्षण बुर्ज के भग्नावशेष वर्तमान में भी विद्यमान है। इसके बाहर की और मिट्टी का परकोटे (मेड़नुमा) अवशेष भी मिलते हैं। इसी के बाहर की ओर परिखा के रूप में विस्तृत आठबीसा तालाब है। इसी प्रकार गिरीजाबंध हनुमान मंदिर के समीप गिरिजा सरोवर सहित कई तालाब है। उक्त मंदिर के समीप मिट्टी निर्मित परकोटे को अंग्रेज शासनकाल में स्थानीय निवासियों ने कृषि कार्य हेतु समतलीकरण कर दिया है। 10वीं शताब्दी ई. से लेकर ई. 18 वी शताब्दी तकराजधानी रतनपुर चारों दिशाओं से पहाड़ियों, प्राकार, परिखाओं से युक्त एक सुरक्षित दुर्ग था। उत्तर से दक्षिण 5 किमी लंबा तथा पूर्व से पश्चिम 3 किमी की चौड़ा रतनपुर का अण्डाकार रूप में विकसित किया गया था। रामटेकड़ी पहाड़ी व उत्तर दिशा की पहाड़ी के बीच के स्थान में रत्नदेव के वास्तुविदों व शिल्पकारों ने सुरक्षा दृष्टिकोण की दृष्टि से खाई का निर्माण किया था, जो वर्तमानकाल में घोड़ाबांधा तालाब, मुरलीबंद तालाब आदि रूप में विद्यमान है। उत्तर दिशा की पहाड़ी व उत्तर-पश्चिम दिशा की पहाड़ी के मध्य में गोपालबंध प्राचीन खाई के रूप में वर्तमान में है। कका पहाड़, घुघ्घुस पहाड़ तथा दक्षिण दिशा की पहाड़ी के दोनों ओर बहुसंख्यक तालाब वर्तमान में भी विद्यमान है, ये सभी प्राचीनकाल के परिखां के अवशेष प्रतीत होते है।

***क्रमशः***

---

### छत्तीसगढ़ राज्य दिवस गीत



*भारत का ये सुघड़ राज्य, छत्तीसगढ़ है कहलाया रे।*
*नैसर्गिक संपदा से सुरभित, सबके मन को भाया रे।।*
*छत्तीसगढ़ के हृदयस्थल में, दुर्ग जिला समाया है।*
*इस्पात नगर भिलाई ने तो, गौरव को भी बढ़ाया है।*
*खेलकूद में सबसे आगे, हरदम नाम कमाया है।*
*संस्कृति शिक्षा कला के पथ पर, खैरागढ़ है छाया रे।।1।।*
*राजिम सिरपुर भोरमदेव, तीरथ हैं ये बहुत महान।*
*इंद्रावती शिवनाथ महानदी, करती ये नदियां जलदान।*
*जलप्रपात में चित्रकोट और तीरथगढ़ की धारा है।*
*कुटुंबसर की गुफा है जिसमें, कला वैशिष्ट्य समाया रे।।2।।*
*कोरबा नगरी की बिजली तो, भारत भर को जाती है।*
*अगणित राज्यों से संपत्ति, छत्तीसगढ़ को लाती है।*
*लौह खनिज बैलाडीला का, देश-देश को जाता है।*
*दुनियाभर में छत्तीसगढ़ को ऐसे जाना जाता है।।3।।*
*कर्मा सुआ पंडवानी, पंथी राउत नाचा है।*
*सैला गेड़ी छेर छेरा, नृत्य ये जाने जाते हैं।*
*तीजन बाई, घासीदास ने, छत्तीसगढ़ महकाया हैं।*
*उनकी गरिमा देख देख मन, फूला नहीं समाया रे।।411*

**–स्वाति पेंढारकर**

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर सैकड़ों युवाओं ने लिया एकता का संकल्प

**जगदलपुर 1 नवंबर।** देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर जगदलपुर शहर एकता के रंग में रंग गया। शुक्रवार 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आयोजित एकता दौड़ ने युवाओं के दिलों में देशभक्ति की जज्बा भर दी। इस दौरान मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई यह दौड़ सैकड़ों उत्साही प्रतिभागियों के साथ शहर के प्रमुख चौराहों को पार करती हुई एकता का प्रतीक बनी। सुबह मंदिर परिसर से निकली एकता दौड़ ने जगदलपुरवासियों को एक नई ऊर्जा से भर दिया। यह दौड़ मां दंतेश्वरी मंदिर से शुरू होकर गुरुनानक चैक, संजय बाजार, चांदनी चैक, मेन रोड और गोल बाजार होते हुए पुनः मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान रास्ते भर भारत माता की जय और एकता में ही शक्ति है नारे गूंजते रहे, जबकि प्रतिभागी तिरंगे के रंगों से सजे बैनरों के साथ दौड़ते नजर आए। यह दौड़ न केवल शारीरिक फिटनेस का प्रतीक थी, बल्कि सरदार पटेल के एक भारत-श्रेष्ठ भारत के दर्शन को जीवंत करने का माध्यम भी बनी। कार्यक्रम की खासियत रही विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं का सम्मान किया गया। एकता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। इन विजेताओं को प्रमाण-पत्र और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया, ताकि वे देश की एकता को मजबूत करने में और अधिक योगदान दें। इस मौके पर पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुंदरराज पी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि सरदार पटेल ने विभिन्न रियासतों को एक सूत्र में बांधकर भारत की नींव मजबूत की। हमें भी उनकी तरह देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए कटिबद्ध होना होगा। बाहरी और आंतरिक चुनौतियों के बीच एकजुट रहना ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित सभी नागरिकों एवं युवाओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने सहित देश के नागरिकों में एकता का उक्त सन्देश देने हेतु भरसक प्रयत्न करने की शपथ ली। साथ ही देश की एकता की भावना के साथ राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए योगदान देने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, महापौर परिषद के सदस्य सुरेश गुप्ता, संग्राम सिंह राणा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सीपी बघेल और ऋषिकेश तिवारी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। विभिन्न विभागों के कर्मचारियों और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भी इस एकता उत्सव में शिरकत की।



## एक नजर

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ ग्रहण एवं व्याख्यान संपन्न

**कांकेर, 1 नवंबर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, कांकेर में राष्ट्रीय एकता शपथ ग्रहण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. प्रमोद कुमार नेताम ने सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारतीय इतिहास के ऐसे महान व्यक्तित्व हैं, जिनकी अदम्य इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और नेतृत्व के बल पर सैकड़ों रियासतों को एक सूत्र में बाँधकर उन्होंने आधुनिक भारत की नींव रखी। उन्होंने यह सिद्ध किया कि दृढ़ निश्चय और सत्यनिष्ठा से असंभव को भी संभव किया जा सकता है। आज के युग में हमें उनके आदर्शों को अपनाते हुए राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि विद्यार्थियों को सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने कार्यों में अनुशासन, निष्ठा, और परिश्रम को अपनाना चाहिए। डॉ. नेताम ने यह भी कहा कि कृषि शिक्षा केवल तकनीकी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश की खाद्य सुरक्षा और आर्थिक एकता से भी जुड़ी है। अतः विद्यार्थियों को अपने ज्ञान का उपयोग समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए करना चाहिए। प्राध्यापक डॉ. पीयूष कान्त नेताम ने अपने व्याख्यान में भी इस बात पर जोर दिया कि सरदार पटेल केवल एक राजनेता नहीं थे, बल्कि वे एक ऐसे राष्ट्र निर्माता थे जिन्होंने विविधता में एकता की अद्भुत मिसाल पेश की। उन्होंने हमें यह सिखाया कि देश की शक्ति उसकी भाषाई, सांस्कृतिक और क्षेत्रीय विविधता में निहित है। उन्होंने अपने कर्मों से यह सिद्ध किया कि जब देशहित सर्वोपरि हो, तब सभी मतभेद गौण हो जाते हैं।

### रन फॉर यूनिटी में दौड़ा कांकेर, देश की एकता, भाईचारा का दिया संदेश

**कांकेर, 1 नवंबर।** देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आज नरहरदेव स्कूल कांकेर में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद श्री भोजराज नाग एवं विधायक कांकेर श्री आशाराम नेताम ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर देश की एकता, अखंडता और भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। रन फॉर यूनिटी की यह दौड़ नरहरदेव खेल मैदान से प्रारंभ होकर नया बस स्टैंड स्थित डोम में संपन्न हुई। इस अवसर पर मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री भरत मटियारा, कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, एसएसपी श्री आई. के. एलेसेला, जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मण्डवी, जिला खेल अधिकारी, एनसीसी और एनएसएस के छात्र-छात्राएं, मीडिया प्रतिनिधि शामिल रहे।

### जिले के 25 सौ हितग्राहियों को मिलेगा नया आशियाना

**दंतेवाड़ा, 1 नवंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर जिले के 25 सौ से अधिक हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को नया आशियाना मिलेगा। मालूम हो कि रायपुर के अटल नगर में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली रूप से 3.5 लाख से अधिक हितग्राहियों का सांकेतिक गृह प्रवेश कराएंगे। दंतेवाड़ा जिले के 25 सौ हितग्राही भी इसमें शामिल होगें। जिनके मकानों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। ज्ञात हो कि जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुल स्वीकृत आवासों में 13334 तथा विशेष परियोजना के तहत 280 तथा नियद नेल्लानार योजना के तहत 1378 स्वीकृत आवास है जिनमें अब तक पूर्ण आवासों की संख्या 2702 विशेष परियोजना के तहत 03 और नियद नेल्लानार योजना के तहत 722 आवास पूर्ण कर चुके है। इसके साथ ही प्रथम किस्म प्राप्त हितग्राहियों की संख्या प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 10759, विशेष परियोजना के अन्तर्गत 189, और नियद नेल्लानार योजना के तहत 1125 है। इसके अलावा राज्य स्थापना दिवस पर 1020 आवासों हेतु भूमि पूजन भी किया जायेगा।0 राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में एक साथ सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत और जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ मनाने की रूपरेखा तैयार की गई है। आयोजन की सफलता के लिए रोजगार सहायकों और आवास मित्रों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# बस्तर में माओवादी संगठन को जिंदा रखने की अंतिम कड़ी हिड़मा के खात्मे से होगा नक्सलवाद का अंत

**जगदलपुर, 1 नवंबर।** बस्तर में नक्सली संगठन के नेता और छोटे कैडर के लड़ाके अपने अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। केंद्र और राज्य की सरकार ने अगले साल मार्च के आखिर तक बस्तर समेत देश के सभी नक्सल प्रभावित राज्यों से नक्सलवाद के समूल नाश का संकल्प लिया है। सैकड़ों की संख्या में आत्मसमर्पण एवं गिरफ्तारियों के बावजूद सरकार से सवाल किया जा रहा है, कि आखिर हिडमा कब आत्मसमर्पण करेगा? वह आत्मसमर्पण करेगा या पुलिस उसके खिलाफ कोई विशेष रणनीति अपनाएगी? हिड़मा नक्सलियों की मिलिट्री विंग का बड़ा लीडर है। यदि वह हथियार छोड़ता है या फिर इसका एनकाउंटर होता है, तो बस्तर से नक्सलवाद और नक्सलियों की मिलिट्री लगभग खत्म हो जाएगी। क्योंकि हिड़मा ही आदिवासियों को हथियार पकड़वाने और बस्तर में नक्स्ली संगठन को जिंदा रखने की एक मात्र कड़ी बाकी है। पुलिस की सूची में माड़वी हिड़मा मोस्ट वांटेड नक्सली है।





आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में नक्सल घटनाओं के साथ ही नक्सलवाद लगभग खत्म हो गया है। यहां के 80 प्रतिशत बड़े कैडर्स के नक्सली छत्तीसगढ़ में बस्तर के अलग-अलग लोकेशन में शिफ्ट हो गए थे, लेकिन अब यहां भी फोर्स का दबाव है। साल 2022 की सूची के मुताबिक पोलित ब्यूरो में 5 और सेंट्रल कमेटी में 18 नक्सली थे। लेकिन, सालभर के अंदर ही पोलित ब्यूरो मेंबर बसवा राजू समेत अन्य 13 से ज्यादा टॉप लीडर के नक्सली मारे गए हैं। जबकि, ष्टष्टरू भूपति और रूपेश समेत अन्य नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण कर दिया है। यानी अब ये साफहै कि नक्सलियों की लीडरशिप अब लगभग खत्म हो गई। पूरी तरह बिखर चुके नक्सली संगठन को लीड करने और इनके राजनीतिक और मिलिट्री स्ट्रक्चर में संगठन को लेकर निर्णय लेने वाला कोई टॉप लीडर अब तक तय नहीं हो पाया है। नक्सली संगठन लगभग पूरी तरह बिखर चुका है। बस्तर में फोर्स को फ्री हैंड छोड़ा गया है, जवान अटैकिंग मोड पर काम कर रहे हैं। यही वजह है कि पिछले करीब डेढ़ साल में 450 से ज्यादा नक्सली मुठभेड़ में मारे जा चुके है। नक्सलियों ने स्वयं भी कबूल किया है कि संगठन कमजोर हुआ है।

बस्तर आईजी पी. सुंदरराज ने बताया कि एक समय था जब नक्सलियों के पोलित ब्यूरो और सेंट्रल कमेटी में 45 सदस्य हुआ करते थे, लेकिन 2025 की शुरुआत में इनकी संख्या घटकर 18 रह गई है। फिलहाल 2025 का अंत आते-आते महज 6 से 7 सेंट्रल कमेटी और पोलित ब्यूरो मेंबर शेष बचे हैं, जो दक्षिण बस्तर के जंगलों में छिपे हुए हैं। आईजी ने दक्षिण बस्तर में छिपे नक्सलियों से अपील करते हुए चेतावनी दी है कि, अब भी समय है, वे आत्मसमर्पण कर दें, अन्यथा बस्तर में तैनात डीआरजी समेत तमाम सुरक्षाबल के जवान उनसे निपटने के लिए तैयार बैठे हैं।

## राज्योत्सव में रहेगी छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**कांकेर 1 नवंबर।** जिला मुख्यालय कांकेर के नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में 02 नवम्बर से आयोजित राज्योत्सव की तैयारियों का कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर और जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मंडावी ने निरीक्षण कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाने तथा सकारात्मक बदलाव को प्रदर्शित करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राज्योत्सव में विभिन्न विभागों के द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें प्रमुख रूप से जनसम्पर्क विभाग, शिक्षा विभाग, जिला पंचायत, महिला एवं बाल विकास, कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र, पशु चिकित्सा, मत्स्य पालन, उद्यानिकी, रेशम, कौशल विकास, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, नगरपालिका परिषद कांकेर, विधिक साक्षरता, समाज कल्याण विभाग, ऊर्जा विभाग, वन विभाग, आदिम जाति कल्याण इत्यादि विभाग शामिल हैं। विभागों के द्वारा विगत 25 वर्षों में हुए क्रमिक विकास, प्रगति तथा सकारात्मक परिवर्तन को फोकस किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों को आयोजन भी किया जाएगा। जिला स्तरीय राज्योत्सव 2025 का आयोजन आगामी 02, 03 एवं 04 नवंबर को नरहरदेव पीएमश्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल परिसर में किया जाएगा।

## दंतेवाड़ा की बेटियों ने सेक्टर स्तरीय वॉलीबॉल महिला प्रतियोगिता में विजयी परचम लहराया

**दंतेवाड़ा 1 नवंबर।** शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दंतेवाड़ा (जिला दक्षिण बस्तर) की महिला वॉलीबॉल टीम ने दिनांक 29 से 30 नवंबर 2025 को शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दंतेवाड़ा में आयोजित सेक्टर स्तरीय वॉलीबॉल महिला प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के पहले दौर में टीम को बाय मिला। दूसरे सेमीफाइनल राउंड में मुकाबला बस्तर विश्वविद्यालय की (यू टी डी) से हुआ, जिसमें टीम ने 25-20, 25 -18 से शानदार जीत दर्ज की। फाइनल मुकाबले में टीम ने शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बीजापुर को 25-19, 25-16 के स्कोर से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा दीक्षा पुजारी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी तथा सत्यभामा को बेस्ट स्मैश का पुरस्कार मिला। इस शानदार सफलता पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. के. एन. प्रसाद, संगठन सचिव क्रीड़ा अधिकारी डॉ. भारती रजक, महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ शिखा सरकार, डॉ रत्नाबाला मोहंती, डॉ अंजलि कश्यप, महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सुश्री धारणा ठाकुर, डॉ. दिनेश कुमार लहरी, श्री दुष्यंत तारम, श्री सिद्धार्थ देवांगन, श्री बंशीधर चौहान, श्रीमती सरला पैकरा सुश्री अंजलि मिंज दल प्रशिक्षक नवलीन वाडा एवं , सहित समस्त अतिथी व्याख्याता एवं कर्मचारियों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।




# छत्तीसगढ़ ने गढ़ा विकास के नित-नए प्रतिमान, सन् 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ के लिए संकल्पित हों : किरण देव

**जगदलपुर 1 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष और राज्य उत्सव की हार्दिक बधाई देते हुए प्रदेश की जनता जनार्दन की सुख, शांति, समृद्धि और निरंतर विकास की शुभकामनाएँ दी है। श्री देव ने अपने संदेश में छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की पावन स्मृतियों को नमन करते हुए छत्तीसगढ़ से अटल जी के आत्मीय लगाव को प्रदेश के विकास की नींव और अनमोल धरोहर बताया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ 25 वर्ष का हो गया है और अब वह विकास के मार्ग पर तेज गति के साथ अग्रसर होने के लिए तत्पर है। अटल जी ने जिन आकांक्षाओं को संजोकर छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया, उन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए भाजपा प्रतिबद्ध है ताकि अंतिम पंक्ति के अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति पूरी तरह विकास की मुख्यधारा से जुड़ाव अनुभव करे। श्री देव ने कहा कि राज्योत्सव के रजत जयंती वर्ष की मंगल बेला हमें अपनी प्रतिबद्धता की याद दिलाता है कि हमने बनाया है हम ही सवारेंगे। अटल नगर (नवा रायपुर) में नए विधानसभा भवन की लोकार्पण के साथ छत्तीसगढ़ के लिए यह दिन ऐतिहासिक होगा और यह विधानसभा भवन छत्तीसगढ़वासियों को अपने प्रदेश की सांस्कृतिक परंपरा, लोकतांत्रिक मूल्यों और महापुरुषों के आदर्शों का जीवंत प्रतीक सिद्ध होगा।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने छत्तीसगढ़ राज्य उत्सव के पाँच दिवसीय आयोजन में पहुँच रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन का अभिनंदन करते हुए छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर उनका स्वागत किया और कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारें छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद के दंश से मुक्त कराकर प्रदेश में विकास और जनकल्याण की योजनाओं को धरातल पर साकार कर रही है। इसका स्वाभाविक सुपरिणाम ही है कि आज प्रदेश के गाँव विकास की रोशनी में नहा रहे हैं, किसानों के खलिहान समृद्धि के प्रतीक बने हैं, महिलाएँ आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक सशक्तीकरण की ध्वजवाहक बनी हैं, युवाओं के सपनों को पंख लगे हैं। हम सभी के प्रयासों से छत्तीसगढ़ विकास के नित-नए प्रतिमान गढ़े और सन् 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ धरातल पर नजर आए, इसके लिए संकल्पित होने की यह बेला है। भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रय यशवन्त जैन, अखिलेश सोनी व डॉ. नवीन मार्कण्डेय सहित सभी पदाधिकारियों के साथ ही सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भी छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की बधाई देकर शुभकामनाएँ व्यक्त की हैं।

## समाचार संक्षेप

### संयुक्त पंचायत दंतेवाड़ा समिति के पदाधिकारियों ने स्थानीय भर्ती को लेकर एनएमडीसी प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन

**दंतेवाड़ा 1 नवंबर।** संयुक्त पंचायत दंतेवाड़ा के पदाधिकारीओ ने एन.एम.डी.सी. किरंदुल एवं बचेली कॉम्प्लेक्स के मुख्य महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा कर एल-1 एवं एल-2 श्रेणी की भर्ती प्रक्रिया में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने तथा भर्ती प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति संबंधी जानकारी प्रदान करने की मांग की है। विदित हो की संयुक्त पंचायत दंतेवाड़ा के बैनर तले से स्थानीय लोगों की भर्ती में प्राथमिकता की मांग को लेकर पूर्व में शांतिपूर्ण आंदोलन किया गया था, जो की चार दिनों तक चला। आंदोलन के दौरान जिला प्रशासन की मध्यस्थता से एन.एम.डी.सी. प्रबंधन एवं जिला प्रशासन व संयुक्त पंचायत के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें यह आश्वासन दिया गया था कि एल-1 एवं एल-2 श्रेणी की भर्ती प्रक्रिया इस वित्तीय वर्ष के अंत तक पूर्ण कर ली जाएगी लेकिन आज दिनांक तक नहीं हुआ । संयुक्त पंचायत के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य ने कैद व्यक्त करते हुए कहा है कि आज दिनांक तक भर्ती प्रक्रिया से संबंधित कोई स्पष्ट जानकारी या प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग को अवगत कराया एल-1 एवं एल-2 भर्ती प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति से एनएमडीसी के प्रबन्धन हमे अवगत कराए और स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने की कार्यवाही सार्वजनिक की जाए और साथ ही,भर्ती प्रक्रिया कब तक पूर्ण की जाएगी, इसकी स्पष्ट जानकारी दी जाए। संयुक्त पंचायत ने प्रबंधन से आग्रह किया है कि इस विषय को गंभीरता से लेकर आवश्यक कार्यवाही की जाए, जिससे स्थानीय युवाओं को संस्था एवं प्रशासन के प्रति विश्वास बना रहे। इसी वित्तीय वर्ष के अंत तक भर्ती प्रक्रिया पूर्ण नहीं की जाएगी तो एनएमडीसी प्रबंधन के खिलाफ फिर से उग्र आंदोलन की जाएगी !

### राज्योत्सव में मोदी करेंगे बीजापुर के 5722 पीएम आवास का भूमिपूजन व गृह प्रवेश

**बीजापुर, 1 नवंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर प्रदेश भर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत गृह प्रवेश और भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में 1 नंवबर को नया रायपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से राज्य के 3 लाख 51 हजार परिवारों को सांकेतिक गृह प्रवेश करवायेंगे। इस अवसर पर जिला बीजापुर से 5722 से अधिक परिवारों के पी एम आवास का गृह प्रवेश एवं भूमिपूजन करेंगे। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता चौबे ने बताया कि राज्य स्थापना दिवस पर जिले के 4465 हितग्राहियों का भूमिपूजन एवं 1257 हितग्राही का गृह प्रवेश करेंगे। उन्होंने कहा कि यह अवसर जिले के पीएम आवास हितग्राही परिवारों के लिए अविस्मरणीय खुशियों का पल है । जनपद पंचायत भैरमगढ़ के ग्राम पंचायत गुदमा के प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही माड़वी समबारू जिनका पक्का आवास बनकर तैयार है। उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों नया रायपुर में खुशियों की चाबी दिये जाने हेतु राज्य स्तर से चयनित किया गया है।





### बस्तर में सीआरपीएफ जवान को आयकर विभाग से मिला 10.51 करोड़ का नोटिस

**जगदलपुर, 1 नवंबर।** बस्तर जिले से एक चौंकाने वाला वित्तीय धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। बस्तर में एक सेवारत सीआरपीएफ जवान के पैन कार्ड का छलपूर्वक उपयोग करके, अज्ञात जालसाज़ों ने उनके नाम पर एक फर्जी कंपनी खोल दी, और करोड़ों रुपये का अवैध व्यापार किया। मामला तब सामने आया जब जवान को आयकर विभाग की तरफ से ?10.51 करोड़ (दस करोड़, इक्यावन लाख रुपये से अधिक) की भारी-भरकम राशि का टैक्स नोटिस मिला। इस मामले की पुष्टि सायबर सेल प्रभारी डीएसपी गीतिका साहू ने की है। सायबर सेल ने सावधानी बरतने की हिदायत देते हुए कहा कि अपने वित्तीय और पहचान संबंधी दस्तावेजों के उपयोग की नियमित जांच करें, और किसी भी अनाधिकृत गतिविधियां संदिग्ध नोटिस की सूचना तुत्काल पुलिस और संबंधित विभाग को दें। पुलिस को की गई शिकायत के अनुसार, जवान को हाल ही में आयकर विभाग, जगदलपुर से एक नोटिस प्राप्त हुआ. नोटिस में वित्तीय वर्ष 2019-2020 और 2020-21 के दौरान उनकी कथित कंपनी द्वारा की गई अत्यधिक खरीदी-बिक्री का उल्लेख था। जवान ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने न तो कोई कंपनी खोली है, और न ही किसी वित्तीय लेन-देन में शामिल हैं। नोटिस में 10 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का उल्लेख है, जो अज्ञात जालसाज़ों द्वारा किए गए बड़े पैमाने के वित्तीय फ्रॉड की ओर इशारा करता है। पीड़ित जवान वर्तमान में बस्तर जिले में ही तैनात हैं. उनका पैन कार्ड नंबर (क्क्ह) का इस्तेमाल कर, उनके नाम से यह सारा व्यापार किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए, बकावण्ड पुलिस थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफअपराध दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामले को धारा 318 (4) बीएनएस के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। यह मामला दिखाता है कि कैसे साइबर अपराधी अब पहचान चुराकर सरकारी दस्तावेज़ों का दुरुपयोग कर बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा कर रहे हैं।

### पर्यटक गाइड प्रशिक्षण के लिए 8 सदस्यीय टीम को हरी दिखाकर किया रवाना

**कांकेर 1 नवंबर।** छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा आयोजित पर्यटक गाईड प्रशिक्षण कार्यक्रम में कांकेर जिले के 08 प्रतिभागियों को शामिल किया गया है। उक्त प्रशिक्षण मध्यप्रदेश के आईआईटीटीएम ग्वालियर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें भाग लेने के लिए 08 सदस्यीय युवाओं के दल को आज जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन श्री हरेश मंडावी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उक्त टीम में दिव्या ठाकुर, आशीष कश्यप, कपिल, राकेश कुमार शोरी, सुप्रिया राठौर, रमेश कुमार, लक्ष्मीकांत साहू, सलीम कुमार शामिल हैं।

## तुलसी विवाह व देवऊठनी एकादशी आज, गन्ने से सजेगा मंडप, होगा तुलसी विवाह

# आज से शुरू हो जाएंगे सभी मांगलिक कार्य

**दंतेवाड़ा 1 नवंबर।** कार्तिक शुक्ल की एकादशी को आज देव उठनी एकादश तथा तुलसी विवाह का पर्व मनाया जाएगा। देउठनी एकादशी को छोटी दीपावली के नाम से भी जाना जाता है। पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बाजारों में गन्ना एवं पूजा सामाग्री खरीदने लोगों की भीड़ लगी रही। आज बाजारों में एक बार फिर से दीपावली जैसी रौनक देखने को मिली । शाम को घरों के आंगन में स्थापित तुलसी चौरों में गन्ने का मंडप सजाकर विधिवत तुलसी के विवाह रस्म अदायगी कर विधि विधान से तुलसी चौरे की पूजा अर्चना कि जाएगी। आज से शुभ मांगलिक कार्यो की शुरूआत भी हो जाएगी।



देवउठनी एकादशी दीपावली के ठीक ग्यारहवें दिन मनाया जाता है। देव उठनी एकादश को देव दीवाली या देव प्रबोधनी एकादश भी कहा जाता है। ऐसी पौराणिक मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णुस्वरूप शालिग्राम और तुलसी स्वरूपा सती वृन्दा का विवाह हुआ था। आज ही के दिन भगवान विष्णु विष्णु 4 माह की क्षीर निद्रा के बाद सोकर उठते हैं। इस कारण इसे देवउठनी एकादश कहा जाता है। आज के दिन दान-पुण्य यज्ञ आदि का विशेष महत्व होता है। आज शुभ मुहूर्त में विष्णु भगवान को शंख के जल से अर्क देने तथा पूजा करने पर करोडो तीर्थ का पुण्य मिलता है । घर के आंगन में बने तुलसी चौरों को साफ पानी से धोया जाता है तथा चौरों के चारों ओर सुंदर आकर्षक रंगोली बनाई जाती है। तुलसी विवाह के नाम से प्रचलित देव उठनी ग्यारस पर्व पर लोग तुलसी चौरों के चारों ओर शाम को चार गन्नों को रखकर मंडप बनाते है और तुलसी की विधिवत आरती कर चौरों पर घी के दिए जलाकर तुलसी माता को सुहाग सामग्री चूड़ी, बिन्दी तथा आलता चढ़ाकर शकरकंद, गन्ना, पत्तेदार अदरख, बेर, केला, संतरा, सीताफल, आंवला आदि अर्पित कर विधि विधान से पूजा किया जाता है। एकादशी होने से आज लोग एकादशी का उपवास भी रखते हैं। शाम को तुलसी पूजा उपरांत भी फल शरबत आदि ग्रहण करते हैं। आज के दिन पुजा में गन्ने का विशेष महत्व होने से लोग बाजारों में पहुंच गन्ना खरीद घर लाकर तुलसी चौरा के चारों ओर गन्ने का मंडप तैयार करने में लगे रहे। बाजार में जगदलपुर के लोहण्डीगुडा क्षेत्र से गन्ने की खेप बेचने के लिए लाया गया था। गन्ना 25 रूपए से लेकर 50 रू0 प्रति नगर के दर से बेचा गया। गन्ना खरीदने सुबह से ही बाजार में लोगों की भारी भीड़ देखी गई। शाम को घर घर में तुलसी विवाह की रस्म अदायगी कर तुलसी माता की पूजा अर्चना किया जाएगा। देव उठनी एकादशी के साथ ही विवाह, सगाई, नामकरण, गृह प्रवेश, अनुष्ठान, उपनयन आदि शुभ कार्य आज से शुरू हो जाएंगे।

### शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे आकर्षण का केंद्र

# रायगढ़ में 2 से 4 नवंबर तक होगा राज्योत्सव का भव्य आयोजन

शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में होगा तीन दिवसीय आयोजन, तैयारी जोरो पर

रायगढ़, 1 नवम्बर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रायगढ़ जिला मुख्यालय स्थित शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में 2 से 4 नवंबर तक तीन दिवसीय राज्योत्सव-2025 का भव्य आयोजन किया जाएगा। राज्य के रजत जयंती वर्ष के इस विशेष अवसर पर आयोजित राज्योत्सव छत्तीसगढ़ की 25 वर्षों की गौरवशाली उपलब्धियों और विकास यात्रा को जन-जन तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन 2 नवंबर को प्रदेश के वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस अवसर पर लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया तथा राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।



कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा राज्योत्सव की तैयारियाँ युद्धस्तर पर की जा रही हैं। आयोजन स्थल पर बैठक व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, साउंड सिस्टम, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधाओं सहित सभी आवश्यक तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं, ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। राज्योत्सव में 40 से अधिक विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास यात्रा और उपलब्धियों पर आधारित आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ की ग्रामीण समृद्धि, औद्योगिक प्रगति, सामाजिक विकास और लोक संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। सांस्कृतिक विविधता से भरपूर राज्योत्सव में प्रतिदिन सायं 6 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नृत्य, संगीत और लोककला की इन प्रस्तुतियों से स्टेडियम का वातावरण उत्सवमय हो उठेगा।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में स्टॉल व्यवस्था में 25 वर्षों की विकास यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग को जिम्मेदारी सौंपी है। इसी तरह समारोह में बांस-बल्ली की व्यवस्था हेतु वन विभाग एवं मंच तथा पंडाल की संपूर्ण व्यवस्था का जिम्मा लोक निर्माण विभाग को दिए है। कार्यक्रम स्थल में विद्युत एवं जनरेटर की व्यवस्था विद्युत विभाग एवं लोक निर्माण विभाग करेंगे। स्थल में फॉयर ब्रिगेड की जिम्मेदारी जिला सेनानी को दी गई है। स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का चयन जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला महिला एवं बाल विकास विभाग की होगी। आवश्यक चिकित्सक दल सहित ओआरएस पाउच तथा दवाई एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी करेंगे। कार्यक्रम स्थल के मंच में आवश्यक व्यवस्था एवं सभा स्थल पर बैठक व्यवस्था की जिम्मेदारी राजस्व विभाग को दी गई है।

## एक नजर

### आर्ट ऑफ लिविंग: जीवन जीने की कला का आयोजन



**खरसिया, 1 नवंबर।** खरसिया में आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा 28 से 31 अक्टूबर तक हैप्पीनेस प्रोग्राम आर्ट ऑफ लिविंग की प्रशिक्षक विभा अग्रवाल द्वारा गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी के निर्देशानुसार सिखाया गया इसमें मुख्य रूप से सांसों पर आधारित सुदर्शन क्रिया सिखाई गई जिससे हम तनाव मुक्त जीवन जी सकते हैं आत्म विश्वास में वृद्धि कर सकते हैं सकारात्म विचारों के साथ जी सकते हैं कैसे हम मुश्किलों से कम समय में निपटे, कैसे हम अपने दैनिक जीवन के कार्यों को तेजी से कर सकते हैं आदि बाते सिखाई गई जिसमें सोहन सर, रीना जी, रोशनी पटेल, प्रकाश चंद्र पटेल, पिंकी जी, रितु बंसल आदि प्रतिभागियों ने जीवन जीने कला सीखी।

### तृतीय चरण में जिले की 4 रेत खदानों की होगी नीलामी

**रायगढ़, 1 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन के खनिज साधन विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्पादन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के तहत रेत खदानों के आवंटन की पूरी प्रक्रिया अब ऑनलाइन माध्यम (ई-नीलामी प्रणाली) से की जाएगी। इस नियम के अंतर्गत रायगढ़ जिले में तृतीय चरण में कुल 4 रेत खदानों का आवंटन किया जाएगा। इनमें तहसील रायगढ़ के डूमरपाली एवं सरडामाल, तहसील धरमजयगढ़ के जोगड़ा-2 एवं तहसील घरघोड़ा के छिरभौना शामिल है।इन रेत खदानों के आवंटन के लिए ऑनलाईन निविदा 30 अक्टूबर 2025 को जारी किया गया है। निविदा के नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी एमसटीसी पोर्टल, खनिज साधन विभाग की वेबसाईट, जिला कार्यालय की वेबसाईट तथा कार्यालय कलेक्टर खनिज रायगढ़ में एवं संबंधित ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत भवन के सूचना पटल में अवलोकन कर प्राप्त किया जा सकता है।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत बीमित फसल नुकसान की शिकायत 72 घंटों के भीतर कराएं दर्ज

**रायगढ़, 1 नवम्बर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जिले में संचालित है, जिसके अंतर्गत खरीफ 2025 सीजन में कुल 31035 कृषक बीमित हुए है। यह योजना किसानों को प्राकृतिक आपदाओं असमय वर्षा, सूखा, ओलावृष्टि कीट प्रकोप और अन्य जोखिमों से फसल को होने वाली क्षति के विरूद्ध आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है।

उप संचालक कृषि रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि व्यक्तिगत खेत आधार पर स्थानीय आपदाएं, जलप्लावन (धान सिंचित व असिंचित पर लागू नहीं है)। बादल फटना, प्राकृतिक आकाषीय बिजली के कारण नुकसान के साथ-साथ खेत में काटकर एवं फैलाकर छोटे गठरों में बांधकर सूखाने हेतु रखी गई फसलों को कटाई के पष्चात् केवल 14 दिनों के अधिकतम अवधि में ओलावृष्टि, चक्रवात, चक्रवाती बारिष और बेमौसमी बारिष से फसल हानि की स्थिति में स्थानीय आपदाएं एवं फसल कटाई उपरांत नुकसान होने पर 72 घंटों के भीतर अपनी फसल नुकसान की सूचना टोल फ्री नंबर 18004190344 व 14447 पर संपर्क कर षिकायत दर्ज किया जा सकता है। साथ ही जिला एवं तहसील स्तर के कृषि व राजस्व कार्यालय, लोक सेवा केंद्र एवं भारत सरकार की क्रॉप इंष्योरेंस ऐप, पर भी किया जा सकता है।

### निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए मास्टर ट्रेनरों को दिया गया प्रशिक्षण

**रायगढ़, 1 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले में निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबध आज रायगढ़ के 04 विधानसभा क्षेत्रों के सभी मास्टर ट्रेनरों को आनलाईन प्रशिक्षण दिया गया। बूथ लेवल अधिकारियों को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य एवं कार्य सम्पादन के संबंध में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री राजेश डेनियल एवं श्री विकास रंजन सिन्हा द्वारा जिले के सभी मास्टर ट्रेनरों को विशेष गहन पुनरीक्षण की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया। 4 नवम्बर 2025 से 4 दिसम्बर 2025 तक बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा अपने मतदान केन्द्रों के सभी मतदाताओं को गणना पत्रक के माध्यम से जानकारी संग्रहित करनी है, जिसके तहत् सभी बी.एल.ओ प्रत्येक मतदाता को 02 प्रतियों में गणना पत्रक देंगे तथा गणना पत्रक में उल्लेखित सभी जानकारी मतदाताओं से प्रविष्टि कराते हुए स्वतः प्रमाणित कर संबंधित सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करेंगे।

### राज्यसभा सांसद, महापौर, कलेक्टर एवं एसपी सहित जनप्रतिनिधि व नागरिकगण हुए शामिल

## सरदार पटेल की जयंती पर रायगढ़ में 1800 से अधिक विद्यार्थियों ने लगाई एकता दौड़

**रायगढ़, 1 नवम्बर।** राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आज रायगढ़ में राष्ट्रीय एकता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में एकता दौड़ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर स्थित गांधी प्रतिमा से हुआ, जहाँ से दौड़ को राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दौड़ हेमू कालानी चौक तक संपन्न हुई। एकता दौड़ में जिले के विभिन्न विद्यालयों के 1800 से अधिक छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और शहर के गणमान्य नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए।



पूरे मार्ग में भारत माता की जय÷ और सरदार पटेल अमर रहें के नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। बच्चों और युवाओं में देशभक्ति और एकता का जोश देखने लायक था। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्री देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ÷राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने आजादी के बाद देश की अनेक रियासतों को भारत में मिलाकर एक सशक्त राष्ट्र निर्माण किया। उनके दृढ़ संकल्प और दूरदर्शिता से ही अखंड भारत की नींव रखी गई। नगर निगम महापौर श्री जीवर्धन चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस हमें यह प्रेरणा देता है कि हम सभी देश की एकता और अखंडता के लिए समर्पित रहें तथा सरदार पटेल के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल ने अपने अदम्य साहस, दूरदृष्टि और नेतृत्व क्षमता से भारत को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। वे सच्चे अर्थों में राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रतीक थे। पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने कहा कि एकता दौड़ का उद्देश्य यह संदेश देना है कि भारत में रहने वाले सभी वर्ग, समुदाय और क्षेत्र के लोग एक हैं और सदैव एक रहेंगे। उन्होंने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150 वीं जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय में एकता दौड़ के साथ जिले के सभी थाना क्षेत्र में भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस दौरान सभी ने एक स्वर में देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर नगर निगम सभापति श्री डिग्रीलाल साहू, पार्षद श्रीमती पूनम सोलंकी, वनमंडलाधिकारी श्री अरविंद पी.एम., नगर निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय, संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश गोलछा, श्रीमती साधना सिंह, श्री उत्तम प्रताप सिंह, निरीक्षक सुखनंदन पटेल एवं किशोर केरकेट्टा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, पुलिस जवान, नागरिकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित

## बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम के लिए सभी प्राचार्य विशेष रणनीति तैयार कर करें :कलेक्टर

**रायगढ़, 1 नवम्बर।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में जिला कलेक्टोरेट स्थित सृजन सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी विद्यालयों के प्राचार्य और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि आने वाले दो माह विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस दौरान सभी प्राचार्य विद्यालयवार विशेष कार्ययोजना बनाकर विद्यार्थियों के बोर्ड परीक्षा परिणामों में उत्कृष्टता सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, काउंसलिंग और निरंतर मूल्यांकन अनिवार्य है। कमजोर विद्यार्थियों की सूची बनाकर उन पर अतिरिक्त ध्यान दें और राज्य स्तर पर टॉप करने की क्षमता रखने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष तैयारी कराई जाए। साथ ही



पाठ्यक्रम को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करें।कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों के बेहतर परिणाम के लिए प्राचार्यों और शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। विद्यार्थियों के परिणामों में सुधार ही शिक्षकों के कार्य का वास्तविक मूल्यांकन है। प्रत्येक विद्यार्थी की क्षमता और योग्यता के अनुरूप पहचान कर उन्हें व्यक्तिगत रूप से मार्गदर्शन करें। जिले के विद्यार्थी राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें, इसके लिए सभी अधिकारी और शिक्षक टीम भावना से कार्य करें। बैठक में श्री चतुर्वेदी ने विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि अनुपस्थित और ड्रॉपआउट विद्यार्थियों के अभिभावकों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें स्कूल आने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ अनुशासन भी समान रूप से आवश्यक है।

### उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण की दी जानकारी

**रायगढ़, 1 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित हुई। मौके पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.प्रियंका वर्मा ने निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01.01.2026 के संदर्भ में कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जारी कार्यक्रम के तहत 3 नवम्बर तक मुद्रण/प्रशिक्षण कार्य, 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक घर-घर जाकर सत्यापन, 9 दिसम्बर को मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन, 8 जनवरी 2026 तक दावा-आपत्ति दर्ज की जाएगी।

## सीएम ने दी कुनकुरी क्षेत्र के किसानों को बड़ी सौगात

**जशपुरनगर 1 नवंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में एक और बड़ा कदम उठाते हुए जशपुर जिले के विकासखंड कुनकुरी की ईंब व्यपवर्तन योजना के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। इस योजना के लिए ?37 करोड़ 09 लाख 63 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। इस स्वीकृति से कुनकुरी क्षेत्र के हजारों किसानों को सीधे लाभ मिलेगा।योजना के पूर्ण होने के बाद 3323 हेक्टेयर के विरुद्ध 1453 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा



उपलब्ध होगी। इससे फसलों की उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों की आय में भी इजाफा होगा।कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ईब व्यपवर्तन योजना के जीर्णोद्धार से कृषि योग्य भूमि की सिंचाई क्षमता में महत्वपूर्ण सुधार होगा। लंबे समय से मरम्मत की आवश्यकता को लेकर किसान मांग कर रहे थे, जिसे अब मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने पूरा किया है।कुनकुरी क्षेत्र के किसानों ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया है। उनका कहना है कि इस योजना के पुनर्जीवन से उनकी खेती फिर से सशक्त होगी और अब उन्हें सिंचाई के लिए वर्षा पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

## निगम के अधिकारी-कर्मचारियों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ

**कोरबा 1 नवंबर ।** लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर निगम कार्यालय साकेत में नगर पालिक निगम कोरबा के अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली तथा राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने के संकल्प को दोहराया। निगम के अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने अधिकारी कर्मचारियों को शपथ ग्रहण कराई।

भारत सरकार द्वारा लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाए जाने से संबंधित दिए गए दिशा निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। निगम के अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने इस मौके पर अधिकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ ग्रहण कराई। शपथ ग्रहण करते हुए अधिकारी कर्मचारियों ने कहा कि हम सत्यनिष्ठा से शपथ लेते हैं कि हम राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करेंगे और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करेंगे। हम यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहे हैं, जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यो द्वारा संभव बनाया जा सके, हम अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करते हैं। इस अवसर पर उपायुक्त द्वय बी.पी.त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, लेखाधिकारी भवकांत नायक, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, कार्यालय अधीक्षक अरविंद वानखेड़े, रामसिंह नेताम, अरूण मिश्रा, आनंद दुबे, दिवाकांत जायसवाल, कृष्णा दास महंत, भावेश यादव, पुकराज, लीलाम्बर यादव, द्वासराम साहू, बीना एंथोनी, तारा भगत, दीनदयाल साहू, शंकर साहू, हिमांशु राठौर, सरस देवांगन, श्यामलाल साहू, रामकृष्ण सोनी, प्रदीप सिकदर, रामशंकर पाण्डेय, अरूण वर्मा, परमेश्वर शर्मा, विकास यादव, धनेश यादव, उमाशंकर यादव, शीतला, विकास, बिहारी यादव, प्रमोद, जीवन कर्ष, रविशंकर तिवारी, कमल राठौर, रमेश कुमार सिदार, गरीब दास आदि के साथ अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 17 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़, 1 नवम्बर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण अंतर्गत ग्राम पंचायत नावापारा के आंगनबाड़ी केन्द्र चुहकीमार में आंगनबाड़ी सहायिका के एक रिक्त पद के लिए 17 नवम्बर 2025 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है।

इच्छुक आवेदिका नियत तिथि एवं समय पर अपना आवेदन परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण में जमा कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

## प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से नाथूकोन्हा गाँव होगा रोशन,कलेक्टर ने किया ग्रामीणों से संवाद

**धमतरी, 1 नवंबर।** धमतरी जिले के प्राकृतिक सौंदर्य, ऐतिहासिक धरोहरों और विविध जैविक संसाधनों से परिपूर्ण नगरी विकासखंड के वनाच्छादित पर्वतीय अंचल में स्थित मॉडमसिल्ली बाँध (बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव बाँध), जिसे स्थानीय लोग माडमसिल्ली या मोर्देमसिल्ली नाम से भी जानते हैं, के तट पर बसे नाथूकोन्हा गाँव की तकदीर अब रोशनी से जगमगाने जा रही है। यह गाँव जल्द ही प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ़्त बिजली योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा से प्रकाशित होगा।'

नाथूकोन्हा गाँव में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के क्रियान्वयन से यह दुर्गम वनांचल अब विकास की मुख्यधारा से और अधिक जुड़ सकेगा। प्रशासन द्वारा इस पहल से ग्राम के सभी 27 आदिवासी परिवारों के घरों में सौर ऊर्जा के माध्यम से उजाला फैलने की दिशा में ठोस कदम उठाया जा रहा है।

कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ग्राम नाथूकोन्हा पहुँचे और ग्रामीणों के बीच पहुँचकर प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत प्रत्येक पात्र ग्रामीण को अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जिससे बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आएगी और ग्रामीण आत्मनिर्भर बन सकेंगे।ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं ने कलेक्टर की बातें बड़े ध्यान से सुनीं। इस अवसर पर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने योजना की प्रक्रिया, बैंक ऋण, सब्सिडी तथा संभावित बचत से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। चर्चा के पश्चात सभी ग्रामीणों ने एकमत होकर अपने घरों में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अंतर्गत सोलर पैनल लगाने पर सहमति व्यक्त की। कलेक्टर मिश्रा ने मौके पर महिलाओं से भी संवाद किया और उनकी दैनिक समस्याओं को सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि घाटी सड़क का निर्माण, राशन भंडारण के लिए अगर भवन आदि उपलब्ध हो तो सरकारी राशन दुकान की सुविधा उपलब्ध करादी जाएगी द्य ताकि आप लोगों को पास करेली गांव राशन लेने नहीं जाना पड़ेगा। कलेक्टर ने बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र की स्थापना शीघ्र की जाएगी।

## समाचार संक्षेप

### राज्योत्सव-2025 का आयोजन मिनी स्टेडियम महासमुंद में 2 से 4 नवंबर तक



**महासमुंद,1 नवंबर।** राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष राज्योत्सव-2025 का आयोजन महासमुंद जिले में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया जाएगा। यह आयोजन जिला मुख्यालय मिनी स्टेडियम, महासमुंद में 02 से 04 नवम्बर 2025 तक संपन्न होगा। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद लोकसभा महासमुंद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी शामिल होंगी। उद्घाटन समारोह रविवार 02 नवम्बर 2025 को सायं 5ः00 बजे से प्रारंभ होगा। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह एवं जिला अधिकारियों ने आज शाम मिनी स्टेडियम पहुंचकर राज्योत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आयोजन हेतु तैयारियां आपसी समन्वय के साथ कल तक पूर्ण कर लेवें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।राज्योत्सव में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा 25 वर्षों की विकास यात्रा और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने हेतु आकर्षक प्रदर्शनी एवं स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकारों द्वारा लोक संस्कृति, गीत, नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अपने परिवार सहित आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर छत्तीसगढ़ की संस्कृति, गौरव और विकास की झलक का आनंद लें।

### राष्ट्रीय एकता दिवस: लौह पुरुष की 150वीं जयंती पर कलेक्टर ने दिलाई एकता की शपथ



**रायगढ़, 1 नवम्बर।** राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जिला कलेक्टोरेट परिसर में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने अपने अदम्य साहस, दूरदृष्टि और नेतृत्व क्षमता से भारत को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। वे सच्चे अर्थों में राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रतीक थे। कलेक्टर ने कहा कि आज का दिन हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम सभी मिलकर अपने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए सदैव समर्पित रहेंगे और उनके आदर्शों का पालन करेंगे। इस दौरान सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ली। सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने और अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने सत्यनिष्ठा से संकल्प लिया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश गोलछा, श्रीमती पूजा बंसल सहित कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रथम पाली में बीएलओ एवं द्वितीय पाली में बीएलए का प्रशिक्षण 3 नवम्बर को

**महासमुंद, 1 नवम्बर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशन अनुसार जिले में बी.एल.ओ. एवं बी.एल.ए. का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा तहसीलदार एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को निर्देशित किया है कि 03 नवम्बर 2025 को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रथम पाली में बी.एल.ओ. एवं द्वितीय पाली में बी.एल.ए. का प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वयं अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर प्रशिक्षण का निरीक्षण करें तथा बी.एल.ओ. द्वारा उठाए जाने वाले सभी प्रश्नों एवं शंकाओं का समाधान करें। साथ ही बी.एल.ओ. को मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान आने वाली समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु मास्टर ट्रेनर एवं हेल्प डेस्क के संपर्क नंबर साझा करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशानुसार उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रलेखन सहित फोटोग्राफ संधारित रखी जाएगी, जिसे पुनरीक्षण कार्य की निगरानी एवं मूल्यांकन में उपयोग किया जाएगा। कलेक्टर श्री लंगेह ने सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

### लैंगिक उत्पीड़न आंतरिक शिकायत परिवाद समिति की बैठक साकेत में सम्पन्न

**कोरबा 1 नवंबर ।** नगर पालिक निगम कोरबा कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम हेतु गठित आंतरिक शिकायत परिवाद समिति की बैठक आज निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में सम्पन्न हुई, समिति के समक्ष किसी भी प्रकार की शिकायत व परिवाद न तो प्रस्तुत किया गया है और न ही लंबित है, इस पर समिति के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की।निगम में कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम हेतु लैंगिक उत्पीड़न निवारण प्रतिरोध और प्रतितोष अधिनियम 2013 के अंतर्गत निगम में आंतरिक शिकायत/परिवाद समिति का गठन किया गया है, जिसकी समय-समय पर बैठक आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में समिति की बैठक सम्पन्न हुई, बैठक के दौरान पाया गया कि समिति के पास इस संबंध में केई भी शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है ।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26